# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, बुधवार 22 जनवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठः-8 मूल्यः-4 रूपया | वर्षः- 14, अंक 10




भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कबूला, मुफ्त... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • चैंपियंस ट्रॉफी से चूके करुण नायर...

# सुरक्षाबलों ने मार गिराए 20 नक्सली

## मुख्यमंत्री बोले, अंतिम सांसें गिन रहा नक्सलवाद

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राज्य में माओवादी गतिविधियों के खिलाफकड़े कदम उठाने की अपनी सरकार की नीति की पुष्टि की और इसे समाज के लिए कैंसर बताया।

उन्होंने यह बयान हाल ही में गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ पर दिया, जिसमें 20 नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों ने इस मुठभेड़ में शानदार काम किया और नक्सलियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेंगे। उन्होंने बताया, गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ी घाट के पास हमारे सुरक्षा बलों की माओवादियों से मुठभेड़ हुई। अब तक एक दर्जन से अधिक माओवादी मारे जा चुके हैं। एक सप्ताह के भीतर नक्सलियों के साथ



दो बड़ी मुठभेड़ हो चुकी हैं। साय ने कहा, हमारे जवानों ने बड़ी सफलता हासिल की है और हमारी सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए काम कर रही है। माओवाद एक कैंसर की तरह है और हम इसे पूरी तरह से नष्ट करने में सफल होंगे। हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के संकल्प को पूरा करेंगे। उन्होंने ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाकर्मियों के साहस की भी सराहना की और कहा कि नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और 31 मार्च 2026 तक यह पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने कहा, मैं हमारे सुरक्षा बल के जवानों के साहस को सलाम करता हूं और उनकी प्रशंसा करता हूं... नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और हम इसे 31 मार्च 2026 तक समाप्त कर देंगे। इससे पहले रायपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा के पास छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान 20 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। आईजी मिश्रा के एक बयान के अनुसार, सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया, जिसमें एके-47, एसएलआर, इंसास और अन्य स्वचालित हथियार शामिल हैं। इस बीच, गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने एक बयान में कहा कि गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30, कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 और 211 बटालियन और एसओजी नुआपाड़ा द्वारा संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान के दौरान शव बरामद किए गए। एसपी के अनुसार, सुरक्षा बलों ने नक्सली सेंट्रल कमेटी के सदस्य जयराम उर्फ घ्च्चलपति को भी मार गिराया, जिस पर एक करोड़ का इनाम था। रविवार को शुरू किए गए इस अभियान में माओवादियों के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मारे गए तथा एसएलआर राइफल जैसे स्वचालित हथियारों सहित बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। इस घटनाक्रम के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह नक्सलवाद के लिए एक बड़ा झटका है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर एक संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया। नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है।

## आईटीबीपी जवान की हार्ट अटैक से मौत

**उरई/जालौन।** जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। आईटीबीपी में तैनात 26 वर्षीय जवान राहुल पाल की मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। राहुल अपनी गर्भवती पत्नी की डिलीवरी के लिए सोमवार शाम को ही छुट्टी लेकर घर आए थे। घटना पारेन गांव की है, जहां मंगलवार सुबह राहुल टहलने निकले थे। अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें कुठौंद अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेडिकल जांच में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। मरजाद सिंह के पुत्र राहुल की शादी को मात्र एक वर्ष हुआ था। उनकी 22 वर्षीय पत्नी दीक्षा प्रसव पीड़ा के कारण जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनकी मां विमलेश भी मौजूद हैं। गुवाहाटी में तैनात राहुल के वरिष्ठ अधिकारियों को इस दुखद घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए गांव लाया जाएगा।

## गांधीजी का सत्य-अहिंसा का रास्ता ही कांग्रेस का रास्ता हैः प्रियंका

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि कांग्रेस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए अहिंसा और समानता के रास्ते पर आगे बढ़ रही है और जो रास्ता गांधी जी ने दिखाया था, वही कांग्रेस का रास्ता है। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी जी सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ही नहीं, वे समूचे भारत के मार्गदर्शक हैं, जिन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के महान मूल्यों से परिचित कराया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान, आज से सौ साल पहले गांधी जी कांग्रेस के अध्यक्ष बने और स्वतंत्रता आंदोलन को हर एक भारतीय का आंदोलन बना दिया था। उनके मूल्यों ने हर एक भारतीय को ऐसे अनूठे साहस से भर दिया, जो अंग्रेज सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रेरक तत्व बना। उन्होंने कहा, कांग्रेस का रास्ता गांधी जी का रास्ता है जो हिंसा, नफरत और विभाजनकारी विचारों के खिलाफ मानवता के सर्वोच्च मूल्यों को सबसे ऊपर रखता है। आज कांग्रेस अध्यक्ष श्री खरगे जी ने बेलगावी में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण करके पूरे देश को यह संदेश दिया है कि हम गांधी जी के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को याद रखें और उन पर अमल करें। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया, जिसमें श्रीमती वाड्रा के अलावा कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार समेत पार्टी के कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश समेत चार ढेर

एजेंसी

**शामली।** उत्तर प्रदेश में शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र में 20-21 जनवरी की मध्य रात्रि में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में कुख्यात मुस्तफा कग्गा गैंग का इनामी बदमाश अरशद समेत चार शातिर अपराधियों को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सहारनपुर में गंगोह क्षेत्रमें बड़ी माजरा निवासी अरशद पर डकैती, हत्या और लूट समेत करीब 17 मामले दर्ज थे। वह सहारनपुर के बेहट थाने में दर्ज डकैती के एक मामले में वांछित था। मुठभेड़ में अरशद के साथ मंजीत, सतीश और एक अज्ञात बदमाश भी मार गिराये गये। एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि अरशद अपने साथियों के साथ



झिंझाना थाना क्षेत्र से गुजरने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी की और उन्हें रोकने की कोशिश की। अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। करीब आधे घंटे तक चली इस मुठभेड़ में अरशद और उसके तीन साथी घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर सुनील गोली लगने से घायल हो गए है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहारनपुर और आस-पास के जिलों में अरशद की सक्रियता ने पुलिस को चुनौती दी थी। उसके खिलाफ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और हरियाणा के पनपत में विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज थे, जिनमें 302 (हत्या), 395 (डकैती), 397 (आर्म्ड डकैती), और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल थे।

## लखीमपुर खीरी में दस करोड़ की नशीली दवा बरामद

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में नारकोटिक्स विभाग व पुलिस की संयुक्त छापेमारी मे शहर से सटे इलाके महेवा गंज मे निर्माणाधीन अस्पताल में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलो मेफो ड्रान ड्रग बरामद की गयी है। ड्रग की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत दस करोड रुपया आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि रायल केयर मल्टी हास्पिटल जिसका काफी समय से निर्माण चल रहा है । सूचना मिलने पर लखनऊ से आई एएनटी एफ टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ यहां छापा डालकर दो लोगो के कब्जे से एक किलो मेफो ड्रग बरामद की गई । ड्रग की मूल्य दस करोड रुपया बताया गया है। यह ड्रग विशेष लैब मे तैयार की जाती है।

## दिल्ली चुनाव के बीजेपी ने जारी किया संकल्प पत्र

### केजी से पीजी' तक मुफ्त शिक्षा सहित किए कई बड़े वादे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा जारी किया। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र -2 को पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जारी किया। इस मौके पर उन्होंने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के घोटालों की जांच कराने की बात कहते हुए कहा, हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। मोदी की गारंटी है कि दिल्ली में हर गारंटी पूरी होगी। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र-2 में विद्यार्थियों को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि दिल्ली में जरूरतमंदों के बच्चों को केजी से



पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार देंगे। ।पार्टी ने दिल्ली में ऑटो-टैक्सी वेलफेयर बोर्ड बनाने तथा ऑटो-टैक्सी वालों को 10 लाख का जीवन बीमा और पांच लाख रुपए का दुर्घटना बीमा देने का वादा किया है। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है और डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। भाजपा ने कामगारों के लिए डोमेस्टिक वेलफेयर बोर्ड बनाने की बात कही है। इसके 10 लाख रुपये का जीवन बीमा, 05 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और 06 महीने की पेड मैटरनिटी लीव देने का किया गया है।

## बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा

### निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी बजट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की संसद में कुछ ही दिनों में बजट सत्र की शुरुआत होने वाली है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होने वाला है। इसका समापन 4 अप्रैल को होगा। इस बजट सत्र में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। इस वर्ष बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलने वाला है।

इस बजट सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। ये बजट सत्र काफी खास होने वाला है जिसमें निर्मला सीतारमण अपना आठवां बजट पेश करेंगी। इस वर्ष बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा



और राज्यसभा की संयुक्त बैठक से होगी। इस बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी, जिसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। बजट सत्र के पहले भाग में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें होंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। बजट सत्र और सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। इसके बाद संसद बजट प्रस्तावों की जांच के लिए अवकाश ले लेगी और विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर चर्चा करने तथा बजटीय प्रक्रिया पूरी करने के लिए 10 मार्च से पुनः बैठक करेगी। सत्र के पहले भाग में नौ बैठकें होंगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे तथा सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। इसके बाद संसद बजट प्रस्तावों की जांच के लिए अवकाश ले लेगी और 10 मार्च से पुनः बैठक करेगी। सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। पूरे बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, माननीय राष्ट्रपति 31 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे लोकसभा कक्ष में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे।

## मुंबई के मॉल में मिली लड़की की लाश

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पूर्वी उपनगर भांडुप के ड्रीम्स मॉल के बेसमेंट में मंगलवार सुबह एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह मॉल 2021 में आग की घटना के बाद से बंद पड़ा है। शव मिलने की जानकारी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मंगलवार सुबह मॉल के एक कर्मचारी ने बेसमेंट में जमा पानी में युवती का शव तैरता हुआ देखा। उसने तुरंत अपने सीनियर अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक युवती की उम्र लगभग 30 साल आंकी जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवती कौन थी और उसकी मौत कैसे हुई।






# अब आउटसोर्सिंग भर्ती में नही रहेंगे बिचौलिये

### उत्तर प्रदेश सरकार खुद करेगी भर्ती, श्रम विभाग तैयार कर रहा प्रस्ताव, कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही शुरू हो जायेगी भर्ती प्रक्रिया

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने संविदा कर्मियों का शोषण रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। श्रम विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसके तहत आउटसोर्सिंग की भर्ती प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाकर सरकार खुद कर्मचारियों की भर्ती करेगी।

प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी के लिए जल्द ही प्रस्तुत किया जाएगा ।उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न सरकारी विभागों में संविदा कर्मियों के शोषण को समाप्त करने के लिए




बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार भर्ती प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाकर सीधे भर्ती करने की योजना बना रही हैए जिससे कर्मियों के अधिकारों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के बाद आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले संविदा कर्मियों की वेतन संबंधी व अन्य शिकायतें दूर होंगी। साथ ही उन्हें निर्धारित मानदेय या वेतन भी प्राप्त हो सकेगा। पिछले कुछ समय समय से आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले संविदा कर्मियों के शोषण की तमाम शिकायतें सरकार को मिली हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए श्रम विभाग द्वारा आउटसोर्स पर संविदा कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस बारे में श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि जेम पोर्टल के माध्यम से आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले संविदा कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया से बिचौलियों की भूमिका समाप्त की जाएगी। पिछले कुछ समय से आउटसोर्सिंग के माध्यम से संविदा कर्मियों की भर्ती में शोषण और अनियमितताओं की शिकायतें सरकार तक पहुंच रही थीं। श्रम विभाग ने प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और बिचौलियों की भूमिका समाप्त करने का निर्णय लिया है। भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण का लाभ देने पर जोर सरकार ने यह सुनिश्चित करने की योजना बनाई है कि संविदा कर्मियों की भर्ती योग्यता और पात्रता के आधार पर हो। इस प्रक्रिया में आरक्षण का लाभ भी दिया जाएगा ताकि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। अब संविदा कर्मियों के हित की सुरक्षा के लिए भर्ती प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाकर सरकार खुद इसकी भर्ती डायरेक्ट करेगी। इस संबंध में श्रम विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है जिससे कैबिनेट के मजबूरी के बाद शासन को भेजा जाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग पांच लाख संविदा कर्मी आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत हैं।



# कैरियर गाइडेंस मेले का हुआ आयोजन जिलाधिकारी ने किया प्रोत्साहित

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** समग्र शिक्षा माध्यमिक जनपद जौनपुद के द्वारा कैरियर गाइडेन्स मेला रजा डी0एम0 (शिया) इण्टर कालेज, जौनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने कैरियर के बहुआयामी तत्वों पर प्रकाश डाला, स्वास्थ्य को सर्वोपरि बताते हुए वर्तमान के विभिन्न कैरियर्स हेतु प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेन्द्र सिंह, कीर्ति चक्र ने सरकार द्वारा सुरक्षा सेवा में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही अग्निवीर योजना पर भी विस्तृत मार्ग दर्शन दिया। डॉ0 जयेश सिंह ने बच्चों को चिकित्सा सेवा के बारे में विस्तार से बताया।

जिला रोजगार अधिकारी जे0पी0 पासवान ने सेवायोजन के बारे में प्रकाश डाला। जिला प्रोबेशन अधिकारी बृजेश पाण्डेय ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं पर विशेष बल दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने व्यसन से दूर रहकर नियमित अध्ययन को ही सफलता की कुंजी बताया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह एवं राजेश यादव ने अतिथियों का शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल राज मिश्र ने किया। आगन्तुक अतिथियों ने जिला समन्वयक डॉ0 राजन सिंह द्वारा आहूत समस्त माध्यमिक विद्यालयों के स्टाल का अवलोकन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी आगन्तुक अतिथियों व सभी विद्यालयों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, नोडल शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा वर्तमान में चल रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के अन्तर्गत चेंकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाँचोशिवाला तिराहा के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त अजय कुमार पुत्र जयकुश निवासी सूर्यवार पोस्ट मोहनपुर थाना पड़री जनपद मिर्जापुर और अनिल कुमार पटेल पुत्र काशीनाथ पटेल निवासी ग्राम करधना थाना मिर्जामुराद वर्ष को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की निशानदेही पर एक और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्र0नि0 अतुल कुमार सिंह थाना बड़ागांव, उ0नि0 नन्द लाल कुशवाहा, उ0नि0 अविनाश सिंह, उ0नि0 अमित कुमार पाण्डेय, उ0नि0 मयंक सिंह, उ0नि0 प्र0 अवधेश गुप्ता, हे0का0 बृजभूषण यादव टीम रही।

## संक्षिप्त सामाचार

### भवन स्वामी ने गुरुबाग में स्वयं तोड़ा निर्माण

**वाराणसी।** रोप-वे प्रोजेक्ट के तहत रथयात्रा गुरुबाग मार्ग के चौड़ीकरण के संबंध में गुरुबाग में एक भवन स्वामी ने स्वयं निर्माण तोड़ना शुरू किया है। वीडीए प्रशासन की ओर से ध्वस्तीकरण नोटिस के बाद गुरुबाग गुरुद्वारा के सामने स्थानीय निवासी ने सोमवार देर रात निर्माण का बड़ा हिस्सा तोड़ दिया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा।

### दर्शनार्थियों की कार ट्रक में घुसी, 10 घायल

**वाराणसी।** गांव के पास हाईवे पर मंगलवार शाम दक्षिण भारतीय दर्शनार्थियों की कार खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी महाकुम्भ स्नान के बाद काशी आ रहे थे। घायलों में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम की 9 वर्षीय जीवांश, 30 वर्षीय पद्म, चालक 24 वर्षीय नवीन कुमार (सभी एक ही परिवार के), 18 वर्षीय मौली, 16 वर्षीय निशिता, 47 वर्षीय गोपीचंद, 30 वर्षीय सुनीता, 26 वर्षीय सत्यावाणी, 46 वर्षीय सुरेश हैं। एक वर्षीय बच्चा योगसीता मामूली रूप से घायल हुआ। शेष की हालत गंभीर है।

### अधिवक्ता के चैंबर से बैनामे की डीड चोरी

**वाराणसी।** चौबेपुर के डुबकिया निवासी अधिवक्ता रजनीश सिंह ने कैंट थाने में चोरी का केस दर्ज कराया है। बताया कि कचहरी में उनका चैंबर है। बीते 20 अगस्त को एक रजिस्ट्री कराई थी। बीते सोमवार को चैंबर को बंद कर बिना ताला लगाये काम से चले गए। इस बीच उनके चैंबर से जरूरी कागजात और बैनामे की डीड चोरी हो गई।

### रोडवेज बस में बैठकर दे सकेंगे ऑनलाइन किराया

**वाराणसी।** अब रोडवेज बस में यात्रियों को बैठे ही टिकट के भुगतान की सुविधा मिलेगी। सीट के पीछे लगे यूपीआई भीम स्टीकर से किराए का आसानी से ऑनलाइन भुगतान हो जाएगा। इस आशय का पत्र सोमवार को जारी किया गया। इसके तहत वाराणसी परिक्षेत्र को पांच स्टीकर बॉक्स जारी हुए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि मुख्यालय से मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही सभी बसों की सीट के पीछे यूपीआई भीम स्टीकर लगाए जाएंगे।

### गर्भवती पर हमले में चार के खिलाफ केस का आदेश

**वाराणसी।** स्पेशल सीजीएम अश्वनी कुमार की कोर्ट ने मंगलवार को भूत-प्रेत के चक्कर में गर्भवती के पेट पर ईंट से प्रहार कर गर्भ में पल रहे बच्चे की हत्या करने के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में दो सगे भाई समेत चार लोगों के खिलाफ भेलूपुर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने थाना प्रभारी के ओदश दिया कि प्रार्थना पत्र आधार पर ही रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जाए। रानीपुर निवासी पीड़ित पूनम कुमारी ने अपने अधिवक्ता विकास सिंह के जरिए अदालत में आवेदन दिया था।

आरोप था कि 2 सितंबर 2024 की रात 10-30 बजे घर में बच्चों को सुला रही थी। घर के बाहर गालीगलौज की आवाज सुनाई पड़ी। जब पीड़ित दरवाजा खोलकर बाहर आयी तो देखा कि गौतम बिंद, उसका भाई सरोज बिंद, हरि बिंद और उसका पुत्र राजा उसके पति के ई-रिक्शा में तोड़फोड़ कर रहे हैं। विरोध किया तो वे गाली देते हुए पूनम और उसकी सास पर भूत प्रेत करने का आरोप लगाया। इस बीच गौतम बिंद ने पेट पर ईंट पत्थर से प्रहार किया था, जिसमें गर्भपात हो गया था।

# कोर्ट के आदेश पर भदोही पुलिस ने धारा 82की नोटिस किया चस्पा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**जलालपुर /जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के नहोरा गांव में सोमवार को भदोही पुलिस ने पहुंचकर सीजीएम कोर्ट ज्ञानपुर भदोही के आदेश के अनुपालन में फरार चल रहे अभियुक्त के घर के मुख्य दरवाजे और गांव के सार्वजनिक स्थान पर डुगडुगी पिटवाकर धारा 82 की नोटिस चस्पा किया। निरीक्षक विवेचना सेल क्राइम ब्रांच भदोही संजय सिंह यादव के मुताबिक अभियुक्त संतोष कुमार पांडेय पुत्र क्षमानाथ पांडेय के विरुद्ध वर्ष 2021में धारा 419, 420, 467, 468,471, 120बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें अभियुक्त फरार चल रहा है।

# वेंकटेश हुंडई ने लांच की नयी हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक कार

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** विशेषसरपुर पचहटीया स्थित वेंकटेस हुंडई ने लांच की नई कार हुंडई 35 फैसिलिटी से युक्त वेंकटेश हुंडई के शोरूम में आल न्यू क्रेटा इलेक्ट्रिक कार के लॉन्चिंग हुई UNDISPUTED ULIMATE Suv क्रेटा अब इलेक्ट्रिक भी हो गई है ये भारतीय ग्राहकों के TECHNOLOGY के मामले में एडवांस प्रोवाइड कराने की हुंडई की प्रतिबद्धतता को दिखाता है क्रेटा इलेक्ट्रिक कार 17,99,000.00 की शुरुवाती कीमत पर लांच की गई है क्रेटा इलेक्ट्रिक में 2 बैटरी पैक ऑप्शन उपलब्ध है 51.4 KWH और 42 KHW के साथ 473 चरू और 390 KM को शानदार ड्राइविंग एक्सपीरयंस मिलती है क्रेटा इलेक्ट्रिक के सभी वैरिएंट में 52 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर के साथ 75 से ज्यादा एडवांस सेपटी फीचर दिए गए है क्रेटा इलेक्ट्रिक कार की लांचिंग आईसीआईसीआई बैंक के बिज़नेस हेड श्री दिग्विजय सिंह जी ने फीता काट कर उद्धघाटन किया। लांचिंग के समय वेंकटेश हुंडई के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनोज कुमार एवं उनके पुत्र श्री लक्ष्य गुप्ता जी भी मौजूद थे साथ में वेकटेश हुंडई के जनरल मैनेजर श्री एस पी. शुक्ला एवं श्री विजय मिश्रा जी भी उपलब्ध थे ख्द्धष्ठ लक्ष्य गुप्ता जी ने बताया कि क्रेटा ब्रांड की सफलता एवं विरासत पर तैयार नयी हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक अत्यधिक TECNOLOGY से भरपूर है वेंकटेश हुंडई के जनरल मैनेजर विजय मिश्रा जी ने बताया कि क्रेटा इलेक्ट्रिक शानदार एक्सीलेरेसन प्रदान करती है जो मात्र 8 सेकंड में 0- 100 चरूप्रति घंटा एक्सीलेरेसन के साथ हर यात्री को रोमांचित अनुभव मिलता है इस मौके पर एस. पी. शुक्ला जी ने बताया कि हमें भरोसा है कि क्रेटा इलेक्ट्रिक, क्रेटा ब्रांड के विरासत को कायम रखेगी, बल्कि और इसे ऊपर ले जाएगी क्रेटा इलेक्ट्रिक लॉन्चिंग के समय वेंकटेश हुंडई के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। क्रेटा इलेक्ट्रिक के लांचिंग के समय 11 गाड़ियों कि बुकिंग प्राप्त हुई।



# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा नि शुल्क 30 दिवसीय सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न

## ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओ में प्रतिभा की कोई कमी नही है: बृजेश सिंह प्रिंसू

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम मे अग्रणी संस्था अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 30 दिवसीय सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 15 दिसंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक निखार ब्यूटी पार्लर खुझी मोड हिसामपुर रोड डोभी प्रशिक्षण केंद्र में सम्पन्न हुआ! कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंसू और विशिष्ट अतिथि पद्मिनी सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया! कार्यक्रम के स्वागत में ट्रस्ट कि अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने ट्रस्ट द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्यो का पूरा संक्षिप्त परिचय दिया! मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओ को प्रमुखता से प्रशिक्षित करने का कार्य अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य है, जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओ को जागरुक करना और उनके अधिकारों के लिए आगे आकर कार्य करना बहुत ही पुनीत कार्य है, ! ट्रस्ट द्वारा निरंतर महिलाओं और बच्चियो को आत्मनिर्भर बनाने के कड़ी में इस तरह के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत हर ब्लाक और हर तहसील में इस तरह के कार्य किए जा रहे हैं! विशिष्ट अतिथि पद्मिनी सिंह ने कहा कि ट्रस्ट परिवार के द्वारा सदैव बेहतर कार्य किए जा रहे हैं जिसको देखते हुए हम सभी इस मुहिम का हिस्सा बनेंगे और बच्चियों और महिलाओ के लिए जो जरूरत होगी उपलब्ध कराने के साथ हम सभी ट्रस्ट परिवार के साथ खड़े रहेंगे! मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंसू, विशिष्ट अतिथि पद्मिनी सिंह विशिष्ट अतिथि बिट्टू किन्नर के साथ कार्यक्रम की प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता के द्वारा सभी बच्चियों एवं महिलाओ को किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया! प्रशिक्षण कार्यशाला के ट्रेनर के मुख्य रूप में सरोज गुप्ता, खुशी बरनवाल, डिम्पल गुप्ता, ज्योति खरवार, रेखा मौर्या, अनुराधा श्रीवास्तव रही ! प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत कुल 5 श्रेणी में प्रतियोगिता रखा गया था! जिसमें बेस्ट मेकअप के लिए रितिका सिंह,,बेस्ट हेयर कट मे बिट्टन सिंह, हेयर डू मे शैल शाहू, बेस्ट स्किन में श्रेया सिंह केमिकल वर्क में शिवानी सिंह रही! कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष नागेंद्र नाथ सिंह, महासचिव राधिका सिंह, , धरमू गुप्ता, शहजादी गुप्ता, दिनेश, उपेन्द्र, डिम्पल, रवि पिंटू गिरी और अन्य लोग उपस्थित रहे!

# गैंगस्टर के विरुद्ध कुर्की की उद्घोषणा की कार्यवाही की गई



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** गैंगेसेटर एक्ट थाना कैण्ट के अभियुक्त सूरज यादव पुत्र विश्वनाथ यादव नि0- हथियाराम बुढ़ानपुर थाना भुड़कुरा जनपद गाजीपुर के विरूद्ध न्यायालय द्वारा जारी आदेश धारा 84 बीएनएस कुर्की की उद्घोषणा की कार्यवाही थाना लालपुर पाण्डेयपुर के उ0नि0 विद्यासागर तथा हे0कां0 सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा की गयी। अभियुक्त पिछले वर्ष थाना कैण्ट से मोटरसाइकिल

चोरी में गिरफ्तार हुआ था। जिसके विरूद्ध थाना कैण्ट द्वारा अगस्त 2024 में गैंगेस्टर की कार्यवाही की गयी थी। अभियुक्त तभी से फरार चल रहा है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**वाराणसी।** थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक उपाध्याय पुत्र रमेश उपाध्याय निवासी कोदई थाना बड़ागाव को शिवपुर स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई ।

# केराकत रेलवे संघर्ष समिति ने प्रदर्शन कर माँग पत्र सौंपा

## मुख्य ट्रेनों के ठहराव ना होने से नाराज स्थानीय नागरिक

शकुन टाइम्स संवाददाता



**केराकत/जौनपर।** औड़िहार-जौनपुर रेलखण्ड के मध्य स्थित केराकत (केटीसी ) स्टेशन पर मुख्य ट्रेनों के ठहराव ना होने से नाराज केराकत रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष वि पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर रेलवे महाप्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर को अपने मांग पत्र को सौंपा ।अध्यक्ष मनोज कमलापुरी ने बताया कि लोकसभा मछली शहर एक केराकत विधानसभा भी है और इस औड़िहार-जौनपुर के बीच केराकत मुख्य रेलवे स्टेशन स्थित है इस खण्ड पर केराकत तहसील मुख्यालय, मुसंफ कोर्ट के साथ-साथ कोतवाली एवं ब्लाक मुख्यालय जो कि स्टेशन से सटा हुआ है प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र एवं तमाम इण्टर कालेज, डिग्री कालेज एवं व्यवसायिक संस्थान होने के नाते लोगों को केस के तमाम अन्य प्रदेशों में आना-जाना लगा रहता है चूँकि आबादी होने के कारण यहां के लोगों का बम्बई, दिल्ली एवं बाहर जाने की काफी संख्या होती है। अपने व्यापार एवं नौकरी के कारण कुछ ट्रेनों जो कि इस स्टेशन से होकर जाती है लेकिन ठहराव न होने के कारण उन्हें दूर-दराज के स्टेशनों पर जाना होता है जिसकी समय एवं पैसा दोनों की क्षति होती है। आय के संदर्भ यह बताना चाहता हूँ कि केराकत स्टेशन की आय अगस्त 2023 से जनवरी तक आर0टी0आई0 रिपोर्ट द्वारा प्राप्त आय 34 लाख 63 हजार 196 रूपया जिससे यह नितान्त आवश्यक महसूस होता है कि अगर इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों का ठहराव कर दिया जाय तो आय में और वृद्धि हो सकती है। गाजीपुर सिटी से बान्द्रा टर्मिनल तक चलने वाली ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलती है उसे प्रतिदिन किया जाय। जो कि इस क्षेत्र की तमाम जनता मुम्बई में जीविकोपार्जन को जाती रहती है। देखा जाय तो ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र के विकास के साथ साथ रेलवे प्रशासन का भी फ़ायदा है।

# 23 किलो गाँजा व 6 किलो भांग बरामदगी के दो अलग-अलग मामलों में आरोपी दोषमुक्त

## वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेन्द्र यादव ने दिलाया अपने मुवक्किल को जमानत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पूर्वोत्तर रेलवे) महेंद्र कुमार पांडे की अदालत ने 23 किलो गाँजा व 6 किलो भांग के दो अलग-अलग मामलों में छपरा बिहार निवासी आरोपी प्रेम राय को परीक्षण के दौरान संदेह के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार 11 अगस्त 2006 को जी0आर0पी0 के उपनिरीक्षक राम अवध राम एवं का0 मदन शर्मा चौकी से 5 बजे रवाना होकर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिग में व्यस्त थे। प्लेटफार्म नं0 3 पर आ रही गोरखपुर मण्डुवाडीह पैसेन्जर को चेक करने के लिये हमराही का0 मदन शर्मा को भेजा। करीब 7 बजे गाड़ी प्लेटफार्म पर आकर रूकी। गाड़ी को पीछे से चेक करते हुए आगे की तरफ जा रहा था कि देखा एक व्यक्ति खड़ी गाड़ी के पूरब यार्ड में एक भरी बोरी सिर पर लिये व एक छोटी भरी बोरी बाये हाथ में लिये पश्चिम से पूरब तरफ खाली लाईनों के मध्य से जा रहा था। जिसे चेक करने के लिये रोका व टोका गया तो पूरब की तरफ तेज कदमों से जाने लगा, उसका पीछा पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम प्रेम राय निवासी माधोपुर, थाना मढौरा जिला छपरा बिहार बताया तथा कहा कि उसके पास बोरे में भांग व गांजा है। पकड़े जाने के भय से छिपकर जा रहा था। उक्त व्यक्ति के पास से बरामद दो बोरियों की जामा तलाशी ली गयी तो उसके द्वारा लिये गये बोरी में से एक बण्डल पोलीथीन व अखबारी कागज में बंधा गांजा नाजायज बरामद हुआ। जिसपर मौके पर तराजू बॉट मंगाकर वजन किया गया तो बड़ी बोरी में 23 किलोग्राम व छोटी बोरी में छः किलोग्राम भॉग पायी गयी तथा गॉजे के बण्डल का वजन किया गया तो 500 ग्राम नाजायज गाँजा मिला।



# रोजगारपरक योजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराए बैंक: डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी महोदय ने सभी बैंकों को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उपायुक्त उद्योग को उद्यमियों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के विषय में उद्यमियों को अवगत कराते हुए कहा कि उक्त योजना के तहत युवा जो कौशल युक्त हैं, उन्हें ? 05 लाख का ब्याज और गारंटी मुक्त ऋण प्रदान कर रही है। मेरा अनुरोध है कि युवा आगे आएं और योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार करें और देश की प्रगति में सहभागी बने। जिलाधिकारी महोदय ने लकड़ी और लकड़ी फर्नीचर उद्यमियों को विशेषकर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में लकड़ी उद्योग हेतु सीएफसी कार्य शीघ्र शुरू हो जायेगा। इससे उद्यमियों को अच्छी गुणवत्ता और डिजाइन की लकड़ियां भी उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी ने उपायुक्त वाणिज्य कर को व्यापार मंडलों के साथ लगातार समन्वय करते हुए व्यापारियों को जीएसटी रिटर्न भरने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में सभी व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर जीएसटी प्राप्ति बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उद्यमियों से उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्या के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए कहा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, सहायक आयुक्त राज्यकर श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव, ईओ नगर पालिका महराजगंज आलोक कुमार मिश्रा सहित उद्योग और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## टीवी मुक्त भारत बनाने के लिए किया जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समधन नगर पंचायत के वार्ड-3 गांधी नगर में टीबी मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों की स्क्रीनिंग कर बलगम, एचआईवी, शुगर की जांच की गई और एक्स-रे व अन्य जांचों के लिए सीएचसी गुरसहायगंज भेजा गया। मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य कैंप मे लगभग 30 मरीजों को देखा गया। सभी नागरिकों को टीबी बीमारी के बारे में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समझाया गया। उनको जानकारी दी गई और इसका निरीक्षण करने के लिए सीएमओ स्वदेश गुप्ता और जिला क्षयरोग अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी, सीएससी समधन के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर इरशाद, एसटीएलएस मोहम्मद सलीम, एएनएम श्रद्धा देवी, एल टी आनंद कुमार सहित तमाम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### डीएम ने जनता दर्शन में आये बुजुर्ग दम्पति की सुनी फरियाद, दिया कम्बल

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनता दर्शन में मिलने आये फरियादी बुजुर्ग एवं दिव्यांग दम्पति गंगाराम पत्नी रामकुवरा को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में कम्बल प्रदान करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होने जिलाधिकारी से ट्राईसाईकिल दिलाये जाने हेतु फरियाद लगायी। जिस जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को मौके पर बुलाकर ट्राईसाईकिल दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने उनकी अन्य समस्याओं को भी सुना तथा निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।इस अवसर पर अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में स्थित ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट तथा वीवी पैट की सतत् निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने तथा सीसीटीवी कवरेज के डीवीआर के सतत् संचालन/रिकार्डिंग के भी निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष बसपा राजेश कुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष सपा महेश यादव, जिला महासचिव कांग्रेस आदिल शाह सहित निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक इम्तियाज अहमद व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का रोस्टर निधारित

**बहराइच ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2025 में 08 मार्च, 10 मई, 13 सितम्बर व 13 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों, प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

### विद्यालय जा रहे शिक्षक को मारा पीटा, जानमाल की दी धमकी

**गोण्डा।** सोमवार को जिले के कस्बा आर्यनगर बाजार से बच्चों के लिए फल लेकर विद्यालय जा रहे शिक्षक को पुरे पाठक गांव के पास नहर पर रास्ता रोककर कुछ लोगों ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा तथा जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। घटना की तहरीर शिक्षक ने पुलिस को दी है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कौड़िया थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अड़बड़वा से जुड़ी हुई है।

## महाप्रबंधक ने किया डिवीजनल सिस्टम मैप तथा एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन




शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर ने 21 जनवरी, 2025 को महाप्रबन्धक सभाकक्ष, गोरखपुर में लखनऊ मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा डिजाइन किये गये डिवीजनल सिस्टम मैप तथा एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन रिमोट का बटन दबाकर किया।

इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ मंडल के अधिकारी उपस्थित थे। इस डिवीजनल सिस्टम मैप तथा एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से रेलवे स्टेशनों, समपारों, गुड्स शेड, रोड साइड मशीनरी, ए.आर.टी. ए.आर.एम.ई. साइडिंग्स, सिगनल एवं टी.आर.डी. एसेट्स, आर.पी.एफ./मजिस्ट्रेट/जी.आर.पी. थाना, अस्पतालों इत्यादि के लोकेशन को गूगल मैप द्वारा आसानी से एक्सेस किया जा सकता है तथा डेटा को क्लाउड के एस.क्यू.एल. सर्वर पर स्टोर किया जा सकता है। लखनऊ मंडल के डिवीजनल सिस्टम मैप को लिंक द्वारा मोबाइल, डेस्कटॉप एवं लैपटॉप पर एक्सेस किया जा सकता है। यह व्यवस्था पासवर्ड प्रोटेक्टेड है, जिसका एक्सेस शाखा अधिकारियों के पास रहेगा। इससे सभी सम्बन्धित सूचनायें एक ही स्थान से प्राप्त हो जायेंगी।

## ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का सशक्तिकरण एवं थर्ड जेंडर कल्याण विषय पर विधिक साक्षरता व जागरूकता हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की कार्ययोजना के क्रियान्वयन के क्रम में तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के कुशल निर्देशन में आज ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का सशक्तिकरण एवं थर्ड जेंडर का कल्याण विषय पर विधिक साक्षरता व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला शरणालय,घण्टाघर, गोरखपुर में किया गया।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,गोरखपुर विकास सिंह द्वारा राजकीय महिला शरणालय, घण्टाघर,गोरखपुर का औचक निरीक्षण किया गया तथा साथ ही साथ उपस्थित संवासिनियों को उक्त विषय पर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया गया कि, भारत में, ट्रांसजेंडर और थर्ड जेंडर व्यक्तियों को कानूनी तौर पर तीसरे लिंग या अन्य लिंग के रूप में मान्यता दी जाती है। उनका दर्जा किसी भी पुरुष या महिला के समान ही है। उनके पास भी समान अधिकार हैं, जिसमें भारत के संविधान के तहत अपने मौलिक अधिकारों का प्रयोग करने का अधिकार भी शामिल है तथा लैंगिक समानता ट्रांसजेंडर और थर्ड जेंडर व्यक्तियों के खिलाफ हिंसा को रोकती है।आर्थिक समृद्धि के लिए यह आवश्यक है। जो समाज ट्रांसजेंडर और थर्ड जेंडर व्यक्तियों को समान मानते हैं, वे अधिक सुरक्षित और स्वस्थ हैं।ट्रांसजेंडर और थर्ड जेंडर व्यक्तियों को लैंगिक समानता एक मानव अधिकार है।इसके अतिरिक्त संवासिनियों से उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में पूछा गया किसी के द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया।समक्ष आयी कमियों के सुधार हेतु अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि वह शरणालय की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाती रहे एवं यदि किसी संवासिनी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो उनकी प्रार्थना पत्र तैयार कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध करावें। इसके अतिरिक्त अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित प्रतिभागीगण को बताया गया कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता या जानकारी चाहिए, तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर-15100 पर कॉल कर तत्काल सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## शातिर चोर को गोरखनाथ पुलिस ने चोरी की बुलेट के साथ धर दबोचा

- थाना प्रभारी गोरखनाथ शशिभूषण राय की लगातार वाहन चेकिंग अभियान से मिली सफलता
- धर्मशाला चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह ने वाहन चेकिंग के दौरान शातिर चोर को किया गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** गोरखनाथ पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है ये चोर वैसे तो कई मामलों में पूर्व में भी जेल जा चुका है लेकिन इस बार इस चोर ने कानून के रखवाले के घर पर ही हाथ साफ कर दिया। गोंडा जिले में तैनात पुलिस विभाग में दीवान जी के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में स्थित आवास पर इस चोर ने दीवानी जी की बुलेट और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया और मजे की बात ये है कि पकड़ा गया चोर ओरिजनल नम्बर प्लेट लगा कर शान से चोरी की बुलेट चला रहा था। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देश पर जिले भर में अपराधियों और चोर उचक्कों को पकड़ने के लिए संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है एसएसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी गोरखनाथ शशिभूषण राय भी गोरखनाथ थाना क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग अभियान को चला रहे है इस क्रम में धर्मशाला चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह धर्मशाला क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी एक बुलेट पर सवार एक युवक दिखाई दिया उसको पुलिस ने रोका और गाड़ी के कागजात मांगे वो आना कानी शुरू कर दिया फिर चौकी प्रभारी ने एप्प के माध्यम से गाड़ी की जानकारी हासिल की तो बुलेट खलीलाबाद की निकली वाहन स्वामी का नंबर भी एप्प के जरिये पुलिस को मिल गया पुलिस से जब वाहन स्वामी से बात की तो उन्होंने बताया कि मैं गोंडा में दीवान हूँ मेरे घर पर 11 व 12 जनवरी की रात चोरी हुई थी जिसकी सूचना मैंने खलीलाबाद कोतवाली में दर्ज करवाया है गोरखनाथ पुलिस ने युवक को पकड़ कर जब कड़ाई से पूछताछ की तो सारा मामला खुल गया। पकड़ा गया शातिर चोर शाहबाज पुत्र मोहम्मद हकीम उर्फ बबलू निवासी कटसहरा थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर ने बताया कि उसने खलीलाबाद से बुलेट को चुराया है पकड़ा गया चोर शाहबाज काफी शातिर किस्म का है पूर्व में भी इसके विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है।

गोरखनाथ थाना प्रभारी ने विधिक कार्यवाही करते हूए शातिर चोर को उसके सही ठिकाने जेल पहुँचा दिया इस बड़ी कामयाबी में धर्मशाला चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल चंदननाथ, हेड कांस्टेबल शमशेर बहादुर शाही और कॉन्स्टेबल आशीष मौर्य का भी सराहनीय योगदान रहा है।

## हमारा संविधान हमारा अभिमान है: निर्भय सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता



**परतावल/महाराजगंज।** भाजपा के अनुसूचित मोर्चा की ओर से आयोजित संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित हुआ। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता निर्भय सिंह ने संविधान में बदलाव के लिए कांग्रेस व सपा को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि कांग्रेस ने संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ कर बाबा साहेब का अपमान किया है। सपा ने इस कार्य में उसका साथ दिया। सपा सरकार बनने के बाद बाबा साहेब सहित सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने वाले सभी महापुरुषों के स्मारको को तोड़ने की घोषणा कर दी थी। भाजपा ने इसका पुरजोर विरोध किया था। सरकार गरीब,वंचित अनुसूचित जाति/जनजाति एवम् पिछड़ी जातियों के हितों एवम् हको के लिए कार्य कर रही है।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष घुघुली अरविन्द चौधरी, मंडल अध्यक्ष परतावल विवेक पटेल, प्रधानाचार्य प्रशांत राय ,गणेश पांडे, देवेंद्र उपाध्याय, मीडिया प्रभारी कौशल श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नई पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना अति आवश्यक: सुमिता दत्ता

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** भारत की संस्कृति को लोकप्रिय बनाने का एक मात्र साधन विभिन्न प्रकार की भाषाई कलाकृतिक रचनाएं हैं। भारत देश मे हिंदी उर्दू साहित्य में महान कवियों की रचनाएँ तथा गायिकी प्रस्तुत करने हेतू भारतीय विद्या भवन तथा इन्फोसिस फाउन्डेशन की तरफ से सात दिवसीय कार्यक्रम रेनबो फेस्टिवल का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर मुंशी मेमोरियल हाल भारतीय विद्या भवन नई दिल्ली मे प्रसिद्ध गजल गायिका सुमिता दत्ता ने मधुर आवाज मे मिर्जा गालिब, शकील बदायूनी, फैज अहमद फैज के अतिरिक्त सूफी शायर अमीर खुसरू तथा बुल्ले शाह का कलाम पेश किया। उन्होने कहा कि गालिब की गजल का इंतिखाब महत्वपूर्ण है क्योंकि गालिब महान शायर हैं तथा युवा पीढ़ी गालिब को बहुत पसंद करती है। संगीतमय कार्यक्रम मे तबला वादक सलीम अहमद,सारंगी वादक कमाल अहमद और हार्मोनियम वादक सलामत अली ने अपनी कला से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के अंत मे स्क्क्रुष्ट स्र्ष्ट्ठ स्फ्श्वद्धद्ध4 की केंद्रीय सलाहकार तथा विदेशी समन्वयक नीरजा सरीन ने गजल गायिका सुमिता दत्ता तथा साजिंदो सलीम अहमद,कमाल अहमद और सलामत अली को शाल तथा मोमेंटो से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुमित गुलाठी ने किया।

## जीवित को कागजों में मारकर लेखपाल ने कर दी दूसरों के नाम विरासत

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** जिंदा को मुर्दा दिखाकर उसकी वसीयत कर देना तहसील जलालाबाद का बहुत पुराना फंडा है यहां का इतिहास रहा है कि साल 2 साल के बाद एक ऐसी घटना सामने आ जाती है जो पूरे सिस्टम पर उंगली उठाने पर विवश कर देती है। आखिर क्या जरूरत थी रविंद्र सिंह जीवित को मृत दर्शा कर उसकी वसीयत दूसरे लोगों के नाम करने की। एन्टी करेप्शन की टीम गिरेबां पर हाथ न डाले तो क्या करे, कारनामें ही ऐसे हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत खखूंड़ी का है यहां निवासी रविंद्र सिंह पुत्र मलखान सिंह ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में डा. अपराजिता सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह जीवित है और उसके जिंदा रहते हुए उसे कागजों में मृत दर्शाकर लेखपाल ने खतौनी में दूसरे का नाम दर्ज कर दिया है। बताया कि वह फर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए गया था तब उसको इस कृत्य की जानकारी मिली। पीड़ित ने बताया कि उसकी आरजी ग्राम खखूंड़ी परगना व तहसील जलालाबाद में स्थित है जिसकी गाटा संख्या 134 रखवा 0.168 हेक्टेयर व गाटा संख्या 377च रखवा 0.025 हेक्टेयर है यह आरजी उसे विरासत में मिली है। वह दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है व बच्चे भी साथ ही रखता है गांव में एक व्यक्ति को उन्होंने लगभग तीन बीघा खेती ठेके पर दे रखी थी बच्चों के भरण पोषण के लिए मजदूरी करने व दिल्ली चला जाता है। लगभग 4 माह पूर्व वह मजदूरी के लिए दिल्ली चला गया था इसी बीच उसे मृतक दर्शाकर मुन्नी देवी पत्नी भगवान सिंह व सरोजिनी पत्नी राजपाल सिंह निवासी ग्राम आदमपुर तहसील सवायजपुर जिला हरदोई के नाम फर्जी वारिस बनाकर साजिशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त दोनों फर्जी महिलाओं के नाम विरासत दर्ज कर दी और खतौनी में नाम परिवर्तित कर लिया। जबकि वह जीवित है और आज संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद है फिर पीड़ित ने बताया कि इस विरासत में लेखपाल व कानून गो की संलिप्तता है दोनों ने अपने आर्थिक लाभ के लिए यह कृत्य अंजाम दिया है। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया कि लेखपाल व कानून ने चंद पैसों के लालच में नियम विरुद्ध कृत्य किया है। इस पूरे घटनाक्रम की पोल तब खुली जब पीड़ित ने फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए उद्धरण खतौनी निकलवाई तो उसके होश उड़ गए। समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में उसने आदेश दिनांक 29.10.2024 को निरस्त किए जाने की मांग की है वह फर्जी वारिस मुन्नी देवी व सरोजिनी उपरोक्त व सम्मिलित हल्का लेखपाल व कानून गो वह अन्य के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाये।

### मृत्यु प्रमाण पत्र कहां से मिला...

बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या लेखपाल व कानून गो ने मृतक का मृत्यु सर्टिफ्किेट नहीं देखा और यदि मृत्यु सर्टिफिकेट लगाया गया है तो इसमें विकास खंड जलालाबाद के ग्राम पंचायत अधिकारी पर भी कार्यवाही की जा सकती है इसलिए की मृत्यु प्रमाण पत्र ब्लॉक से जारी किया जाता है। और यदि लेखपाल व कानून ने सांठ गांठ करके यह कृत्य किया है तो वह सजा के हकदार हैं।

### विरासत इन्द्राज में फर्जी फिकेशन...

तहसील जलालाबाद का अगर हम इतिहास उठाकर देखें तो ऐसे न जाने कितने मामले मिलेंगे जो फर्जी तरीके से अभिलेखों में अंकित किए गए हैं। रही बात विरासत की तो इस तहसील में पूर्व में कई विरासत फर्जी दर्ज की गईं बाद में उनमें कार्रवाई की गई। अभी हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया था जिसमें लेखपाल व कानून एवं तहसीलदार के तत्कालीन पेशकार की मिली भगत से फर्जी दाखिल खारिज कर दिया गया था। जबकि उस जमीन का उस व्यक्ति के नाम कोई बैनामा नहीं था जिसको खतौनी में दर्ज किया था।

### रिश्वत खोरी में जेल जा चुके है कई लेखपाल...

तहसील के कई लेखपाल एंटी करप्शन के हत्थे चढ़ चुके हैं। जलालाबाद तहसील का दुर्भाग्य है कि यहां किसी भी अधिकारी को लेखपाल व कानून गो भाव नहीं देते और अपनी मर्जी से पूरी दमदारी के साथ कार्य करते हैं और शायद अधिकारी भी लेखपालों के संगठन से भय खाते हैं इसीलिए बड़े से बड़े मामलों में भी अधिकारी कार्रवाई करने से कतराते हैं इस कटु सत्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



# बलुआ पुलिस और बावरिया गिरोह के बीच हुई मुठभेड़,एक बदमाश को लगी गोली

- दो अन्य साथी भी पुलिस की गिरफ्त में
- बलुआ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के मथेला गांव में डाक बंगला के पास सोमवार की देर रात को बलुआ पुलिस, एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर बाबरिया गिरोह द्वारा चोरी के माल का बंटवारा करते और चोरी की योजना बनाने के दौरान घेराबंदी पर पुलिस और बाबरिया गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगने से घायल हो गया । दो अन्य और



बदमाश गिरफ्तार किये गये । घायल बदमाश को पुलिस ने चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहाँ जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। ये बाबरिया गिरोह कई चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके है। बलुआ इंस्पेक्टर को मुखबीर से सूचना मिली कि मथेला में डाक बंगला के पास कुछ बदमाश चोरी के माल की बंटवारा के साथ चोरी की योजना की योजना बना रहे है। दो बजे रात्रि में सूचना पर मय फोर्स पहुँचे बलुआ इंस्पेक्टर, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी किया तो अपराधियो ने पुलिस को जान से मारने की नियत से पुलिस पर अवैध तमंचे से फायर किया । पुलिस की तरफ से फायर किया गया तो एक बदमाश 45 वर्सीय धारा सिंह को पैर में गोली लगी ।दो अन्य भाग रहे बदमाशो को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया । उनके कब्जे से कुल 3 किंलो 728 ग्राम चांदी,चोरी में प्रयुक्त उपकरण,दो 315 बोर का तमंचा,दो जिंदा 315 बोर का कारतूस,एक खोखा बरामद किया । अंधेरे का फायदा उठाते हुए चार बदमाश भागने में सफल रहे ।

बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ में घायल धारा सिंह पुत्र टिंकू राम,22 वर्सीय सुनील पुत्र धारा सिंह बदायूं जनपद के थाना कादर चौक क्षेत्र के भोजपुर और भागिरथ पुत्र बाल किशुन निवासी औरैया के निवासी है । ये पहले घूमकर रेकी करते है फिर बड़ी बड़ी घटनाओं को अंजाम देते है गिरफ्तार करने वाली टीम में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा,कैलावर चौकी इंचार्ज अनिल यादव, एसओजी प्रभारी आशीष मिश्रा, अरबिंद भारद्वाज,एसआई जमिलुद्दीन खान,एसआई तरुण पाण्डेय,एसआई अमर नाथ साहनी आदि टीम रही।

# मां फुलिया देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने रचा इतिहास



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** एक सपना देखा है और उस सपने को साकार करना है उसके लिए जो कुछ करना पड़ेगा पूरी तरीके से तैयार गाजीपुर जिले में पंकज यादव से जब बात हुई तो उन्होंने बताया की गाजीपुर जनपद में जितने इंटरमीडिएट की बच्चियों परीक्षा देती हैं उसके बाद हम उनका मां फुलिया देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उन्हें फ्री में यहां पर परीक्षा का आयोजन हर साल करवाते हैं जहां पर हजारों की संख्या में बच्चियां आती है और परीक्षा देती है सिर्फ बच्चियों के लिए और जो प्रतिभाग करता है,हम उसको कंप्यूटर,साइकिल,मेज कुर्सी और भी पढ़ने के साधन उपलब्ध करवाते हैं हमारा प्रयास गांव के बच्चियों को हम अपने यहां ऐसी पढ़ाई की वह पूरे भारत में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें इसीलिए हमारी यह अनोखी पहल है गाजीपुर में बहुत सारे महाविद्यालय हैं लेकिन यह पहला ऐसा महाविद्यालय है जो बच्चियों के विकास का बेड़ा उठाया है!

जिसमें प्रधानाचार्य गण अध्यापक गण अभिभावक गढ़ सहयोगियों का योगदान व समूची आवाम का योगदान है!

## संक्षिप्त सामाचार

### बिना हेलमेट पहने नहीं चलाए वाहन- सीओ

**गाजीपुर ( जमानियां )।** एसपी डा. ईरज रजा के निर्देश पर सोमवार की देर रात सीओ राम कृष्ण तिवारी के नेतृत्व में बडेसर नहर मोड़, पालिका मोड़, पाण्डेय मोड़, दुरहिया मोड़ के साथ ही अन्य जगहों पर पुलिस सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने चार पहिया वाहन एवं मोटर साईकिल के कागजात, हेलमेट व सीटबेल्ट सहित डिग्गी आदि चेक किया। अधूरे कागजात लेकर चल रहे वाहनों को चालकों को फटकार लगाया।

इसके साथ ही जुर्माना भी वसूला गया। क्षेत्राधिकारी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान दो वाहन अधूरे कागजात के साथ मिले। वहीं बिना हेलमेट लगाए ही वाहन चला रहे लोगों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए हिदायत दी गयी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह, एसआई राम कुमार दुबे, पुलिस चौकी इंचार्ज अशोक सिंह, सुधीर दुबे, नीरज अनुरागी, नागेंद्र यादव आदि वाहन चेकिंग के दौरान मौजूद रहे।–

### 25 को मनेगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**गाजीपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों के संबंद्ध में कलक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। इसमें मतदाता दिवस को वृहद स्तर पर मनाने सहित लोगों को जागरूक करने पर विस्तृत चर्चा की गयी। 25 जनवरी को पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) 25 जनवरी को राज्य सहित जिला एंव बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होने कहा कि पीजी कालेज के खेल मैदान में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस थीम % वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम % है। उन्होने कहा कि मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जाय। प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने आये मतदाताओं द्वारा शपथ बीएलओ द्वारा बूथ पर निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा वीआरसी पर, ईएलसी पर तथा जिला मुख्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायगा। आयोग से प्राप्त मतदाताओं द्वारा शपथ ली जायेगी। जिसका हिन्दी तथा अग्रेजी अनुवाद की प्रति पूर्व में भेजी जा चुकी है।

### पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**गाजीपुर।** डाक विभाग की ओर से सोमवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता और सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल के 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा छह से आठ के छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता के परिणाम में 15 छात्र-छात्राएं जिन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हे मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार ने पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त उक्त आयोजित कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल ने सुकन्या समृद्धि खातों एवं महिला सम्मान बचत पत्र के लाभार्थियों को पासबुकों का वितरण किया। कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य इकरामुद्दीन सिद्दीकी, हिन्दी अनुभाग के प्रवक्ता पंकज, अधीक्षक डाकघर पीसी तिवारी, सहायक अधीक्षक डाकघर (सतर्कता) पल्लवी मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

# जनपद में 26 जनवरी से बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, पंप संचालकों को निर्देश

## सड़क सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया कदम

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** मंगलवार को पत्रकार वार्ता में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी डॉ. सर्वेश गौतम ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाएं जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा (नो हेल्मेट, नो फ्यूल) की रणनीति को जनपद में लागू किया गया है। उक्त रणनीति के अन्तर्गत आगामी 26 जनवरी से जनपद में इसका अनुपालन कड़ाई से कराने हेतु शासनादेश के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय चन्दौली द्वारा जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश जारी किए गए हैं। कि वे अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेगें कि-दिनांक-26.01.2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालको पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जाएंगा। जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। साथ ही पेट्रोल पम्प संचालन अपने प्रतिष्ठान के सी0सी0टी0वी0 कैमरा सदैव सक्रिय रखेंगे ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी0सी0टी0वी0 फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। विदित हो कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ0प्र0 मोटरयान नियमावली-1998 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साईकिल चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरों (बी0 आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है। जिसमें जुर्मानों का प्राविधान है।

# प्रमुख अरुण जायसवाल ने इंटर लॉकिंग मार्ग का किया लोकार्पण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** क्षेत्र के बड़गावा गांव में नवनिर्मित मार्ग का उद्घाटन और लोकार्पण ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने किया। ग्रामीणों कि मांग पर ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने अपने क्षेत्र पंचायत निधि से दो सौ 25मीटर नौ लाख रुपए खर्च से मार्ग पर इंटर लाकिंग लगाकर मार्ग को दुरुस्त किया जिससे ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। बड़गांवा गांव में जाने वाले मार्ग विगत कई वर्षो से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे गांव में शादी विवाह व मांगलिक समारोह के दौरान आने जाने में लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती थी। इसे लेकर ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख से मार्ग पर निर्माण कार्य करने के लिए वादा किया था। ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों को आश्वस्त




करते हुए उन्होंने ने अपनी क्षेत्र पंचायत निधि से मार्ग का निर्माण किया। वहीं गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्रामीणों ने मंगलवार को मार्ग का लोकार्पण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने नवनिर्मित मार्ग का उद्घाटन व लोकार्पण किया इस दौरान उन्होंने का कि गांव में विवाह मांगलिक कार्यों आदि के लिए गांव के लोगों को आवागमन में दिक्कतें आ रही थी।


जिससे हमने अपने क्षेत्र पंचायत निधि से मार्ग पर इंटर लाकिंग का निर्माण कार्य कराया। विकास खंड चहनिया के प्रत्येक गांवों गरीबों को आवास, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन,राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पानी,साफ-सफाई, उजाला के लिए हाई मास्क व सोलर लाइट नाली, खड़ंजा,सीसी रोड, इंटर लाकिंग मार्ग कार्य का निर्माण के साथ ही सरकार के योजनाओं को धरातल पर लाना व गांवों में चहुंमुखी विकास को इमानदारी पूर्वक बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है ।

क्षेत्र पंचायत सदस्य कलीम अहमद ने ब्लाक प्रमुख को अगं वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष संकठा राजभर,जयंत सिंह , जेई विरेन्द्र कुमार, तकनीकी सहायक रुपचंद भारतीय,रविकांत चौहान, पूर्व प्रधान भगवान दास यादव, पंकज पांडेय, पप्पू राम, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने काली माता मंदिर को बनाया निशाना, लाखों का समान उड़ाया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** जिले के धीना थाना क्षेत्र के बघरी गांव में सोमवार की देर रात चोरों ने काली मंदिर व ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर को निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर काली माता के मूर्ति से सोने की नथिया, पांच छोटे पीतल के घंटे सहित बर्तन व ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर से 10 किलो पीतल के घंटा पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह पुजारी मंदिर में पूजन अर्चन करने गया तो दरवाजे का टूटा ताला देखकर सन्न रह गया। जानकारी पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई। ग्राम प्रधान अजीत सिंह के सूचना पर पुलिस मौके पर आकर जांच पड़ताल में जुट गई। बघरी गांव में पुराना माता काली का मंदिर व बघरी तम्मागढ़ मार्ग पर ब्रह्म बाबा मंदिर स्थित है। दोनों मंदिरों पर प्रतिदिन दर्शन पूजन के लिए ग्रामीणों



की काफी भीड़ जुटती है। सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने काली माता मंदिर का बाहरी व मुख्य दरवाज़े में लगा तीन ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर माता काली की मूर्ति से सोने की नथिया व मंदिर में चढ़ावे में लगा छोटे बड़े पांच पीतल के घंटे सहित बर्तन पर हाथ कर दिया। वही दूसरी चोरी ब्रह्म मंदिर में किया गया। ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में लगा 10 किलो का पीतल का घंटा को ले गए। चोर घटना को अंजाम देने के लिए लोहे का ब्लेड इस्तेमाल किए थे। मंगलवार की सुबह पुजारी रामलग्न मंदिर के दरवाजे का टूटा ताला देखकर सन्न रह गया। सूचना पर पहुंचे धीना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई इस संबंध में धीना थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि काली मंदिर व ब्रह्म बाबा मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी हुई है। घटना का जांच पड़ताल किया जा रहा है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# अधिकारियों के कार्यशैली से नाराज दिखे जिलाधिकारी, दी नसीहत

## बोले सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से करें पूरा

- सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों पर होगी कार्यवाही

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** जनपद में निर्माणाधीन 50 लाख से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने बाबा कीनाराम आश्रम रामगढ़ में चल रहे कार्यों, पशुपालन विभाग के अंतर्गत नौगढ़ के चकरघट्टा में निर्माणाधीन पशुचिकित्सालय के अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी लिया। वही शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश संबंधित अधिकारीगण को दिए। उन्होंने द्वारा आई टी आई भवन चकिया, अग्निशमन केंद्र की बाउंड्रीवाल सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान निर्माणाधीन मत्स्य मंडी के कार्य को जल्द पूरा कराते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू किए जाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा कराए जा रहे कार्य स्वास्थ्य विभाग के ट्रामा सेंटर, विद्यालय तथा सीएचसी सेंटर सहित जनपद में अन्य चल रहे कार्य तेजी से कराए जाने का निर्देश दिया। सेंटर उन्होंने सिंचाई विभाग (लघुडाल), नौगढ़ बांध का पुनरोद्धार, चंद्रप्रभा का पुनरोद्धार एवं सैयदराजा में निर्माणाधीन शहीद स्मारक आदि के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं को समन्वय बनाकर तेजी से कार्य कराने के कड़े दिशा निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड

बैठक के दौरान जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने सीएम डैशबोर्ड की प्रदर्शित पैरामीटर्स पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कुछ विभागों द्वारा विभिन्न पैरामीटर पर अच्छा कार्य न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए।

उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को हाइटेक नर्सरी बनाने हेतु जमीन का चिन्हांकन ना कराने तथा इंडो इजराइल एक्सिलेंस सेंटर की धीमी प्रगति मिलने पर, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) को अक्सर बैठकों में अनुपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का निर्वाहन ना करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को अपने कार्यशैली में सुधार लाते हुए प्रगति में तेजी लाने की नसीहत दी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस के रूप में मनाया जाना है। जिसके क्रम में आप सभी को जो जिम्मेदारियों मिली है आप सभी लोग अपने अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वाई के राय,अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आवास न मिलने से नाराज दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन

**सादात।** आवास न मिलने से क्षुब्ध अमुआरा गांव के दिव्यांगों ने सोमवार को पंचायत भवन पर धरना प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि आवास योजना का लाभ पात्रों को नहीं मिला तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साथ ही आरोप लगाया कि सुविधा शुल्क न देने के कारण पात्रों को आवास नहीं दिया जा रहा है। सैदपुर ब्लॉक के अमुआरा गांव में आवास योजना के क्रियान्वयन पर सवालिया निशान लग रहा है। करीब आधा दर्जन दिव्यांगों को योजना का लाभ नहीं मिल सका है। पात्रता सूची में नाम होने के बाद भी गरीब दिव्यांग दर-दर भटक रहे हैं। ऐसे में गांव के दिव्यांग श्रीराम, बैजू, रामचंद्र, पन्ना, युवराज, पंकज यादव, मोहन ने आरोप लगाया कि आज तक उन्हें शासन की किसी योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास तो दूर की बात है।

# गौवंश से भरी स्कॉर्पियो बरामद तस्कर फरार

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाज़ीपुर।** स्टेशन बाजार स्थित काशीराम आवास के समीप चक्काबांध पम्प कैनाल मार्ग पर मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे गौवंश लदे एक तेज़ रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन खेत में पलटी । डायल 112 को शक होने पर स्कार्पियो का पीछा किया और चक्का बांध पम्प कैनाल मार्ग पर

भागने की हड़बड़ी में वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे स्कॉर्पियो बिजली के खंभे टकराकर खेत में जा गिरी। इस हादसे के बाद वाहन में सवार गौतस्कर मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने खेत में गिरे वाहन को क्रेन से बाहर निकलवाया अपने कब्जे में लेकर कोतवाली ले गई। स्कार्पियो में लदे 5 गोवंशो को बाहर निकाला गया जिसमे एक गौवंश की मौत हो चुकी



थी और चार जीवित गौवंशों को कान्हा गौशाला भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तस्करों की पहचान करने में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह गोवंश बिहार ले जाया जा रहा था। ये तस्कर जमानिया कस्बा की ओर से आ रहे थे। की पुलिस को शक होने पर गौवंशों से लदी स्कार्पियो का पीछा किया।

तो ये चक्का बांध पम्प कैनाल की ओर भागने लगे और अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। मौके पर स्टेशन चौकी प्रभारी अशोक सिंह , अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार साहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नहर का तटबंध टूटने से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** भूपौली धानापुर रजवाहा में एवती रामरूपदासपुर गांव के समीप मंगलवार को तटबंध टूट गया।इससे किसानों की सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई। नाराज किसानों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

चेताया कि नहर के टूटे तटबंध को ठीक कर बर्बाद फसल का जांचकर मुआवजा दिया जाए। अन्यथा एवती जमानिया मार्ग पर उतरकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। एवती रामरूपदासपुर गांव के समीप नहर का तटबंध काफी जर्जर हो गया है। इसके लिए किसान संगठन ने कई बार जिलाधिकारी से मिलकर तटबंध को मजबूत करने का मांग किया।



जिलाधिकारी की ओर से सिंचाई विभाग को निर्देश के बावजूद भी किसानों की बात सुनने के लिए कोई अधिकारी यहां नहीं आया और ना देखने आया।

इससे किसानों को बेवजह परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायत के बाद भी किसानों के सैकड़ों एकड़ गेंहू के फसल जलमग्न होने से बर्बाद हो गया। भाकियू मंडल अध्यक्ष संजय पांडे ने कहा कि किसानों को केवल सब्जबाग दिखाने का काम किया जा रहा है। सिंचाई विभाग की लापरवाही से किसानों को तमाम समस्या झेलनी पड़ रही है। नहर का तटबंध टूटने से किसानों का सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल जलमग्न होने से बर्बाद हो गई।

जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में सारनाथ चौरसिया, संतोष कनौजिया, कमिश्नर लल्लन राम,श्री राम, ओम प्रकाश सिंह, रामानंद सिंह आदि रहे।

# महाकुंभः प्रबंधन हेतु मेला में डटे ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री

## महाकुंभ को अद्वितीय और अलौकिक बनाने में नही रखनी कोई कोर-कसरः शर्मा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत प्रयागराज शहर सहित कुंभ मेला क्षेत्र में 28, 29 एवं 30 जनवरी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी। मौनी अमावस्या के दिन 08 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाने की संभावना है।



इस दृष्टि से अभी से सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं के लिए पूरी तरह से सतर्क रहें।महाकुंभ मेले के प्रबंधन हेतु ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री तीन दिन से मेला क्षेत्र में डटे हैं। मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्होंने कहा कि महाकुंभ को अद्वितीय और अलौकिक बनाने में कोई कोर-कसर नहीं रखनी है। लोगों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाय और तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाय। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ रही भीड़ के दृष्टिगत खघसकर मौनी अमावस्या में महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर युद्ध स्तर पर सक्रिय दिखे। उन्होंने सोमवार को शाम मेला प्राधिकरण कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिया।उन्होंने मेला में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क,परिवहन,व रेलवे के उच्च अधिकारियों को भी अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिया। यात्रियों की सुविधा के लिए सभी यात्रियों को रोडवेज बस और ट्रेनों के विषय में टोल फ्री नंबर के माध्यम से जानकारी दिया जाये। और मेला क्षेत्र में हेल्पलाइन नंबर की जानकारी बैनर पोस्टर और अन्य माध्यम से प्रचारित किया जाये। भीड़ को सूचना देने और नियंत्रित करने में चूक न हो। श्रद्धालुओं के लिए कुंभ क्षेत्र में प्रवेश और निकास और अन्य सुविधाओं को दर्शाने वाले बोर्ड की भी समुचित व्यवस्था हो।

### ♦ अफसरों के साथ कि बैठक, दिये दिशा निर्देश

कुंभ मेला क्षेत्र में आगजनी, भगदड़ की घटना न हो होने पाए। मेला क्षेत्र में लगे विद्युत उपकरणों की नियमित निगरानी की जाए तथा लोगों को सचेत किया जाए, जहाँ भी कोई समस्या हो, तुरंत जानकारी दें, जिससे कि समय से समस्या का समाधान हो।कुंभ मेला क्षेत्र में सफाई कार्यो और स्वच्छता की सभी श्रद्धालु प्रशंसा कर रहे हैं, इसे लगातार बनाए रखना है, शाही स्नान मौनी अमावस्या को जबरदस्त भीड़ रहेगी, जिससे सफाई व्यवस्था बनाए रखना चुनौती पूर्ण होगा। सामुदायिक व सार्वजनिक शौचायलयों के साथ मेला क्षेत्र में स्थापित शौचायलयों की सफाई पर विशेष ध्यान देना है। सड़क तिराहे पर बिजली और लाइटिंग की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जलकल विभाग के कार्मिक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सीवर सफाई एवं जल निकासी पर विशेष रूप से ध्यान देंगे। महत्वपूर्ण जगहों और शेल्टर होम के पास पानी के टैंकर रखवाए जाए, शेल्टर होम में श्रद्धालुओं के रुकने, उनके खानपान और जलपान व चाय आदि की भी व्यवस्था की जाए। किसी श्रद्धालु एवं तीर्थयात्री को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए।इस दौरान मेला अधिकारी प्रयागराज प्रमुख सचिव नगर विकास, सचिव नगर विकास ,एमडी जल निगम, चीफ बिजली विभाग, एडीजी पुलिस, पुलिस अधीक्षक ,डीआईजी ट्रैफिक, डीजी एवं डीआईजी फायर सर्विस, रेलवे के अधिकारी और मार्ग परिवहन के अफसर उपस्थित रहे। बैठक के बाद मंत्री एके शर्मा ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। एक आयोजित कार्यक्रम के तहत महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक करने के लिए कपड़े का थैला वितरण किया और लोगों को मुफ्त में डस्टबिन भी वितरित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने 30 हजार कपड़े के थैला और 1000 डस्टबिन का वितरण किया।

# संक्षिप्त सामाचार

## विधान परिषद सदस्य ने किया सम्मानित सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में एकल अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण दिन रहा। मंगलवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में 90 आचार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर से भाजपा विधान परिषद सदस्य एवं विधानसभा सभापति लंबित कार्य पावन सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में समाजिक कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने परमार्थ और स्वार्थ सेवा की व्याख्या करते हुए कहा कि परमार्थ के कार्यों का लेखा-जोखा भगवान के यहां तैयार होता है, जबकि स्वार्थ सेवा अपने परिजनों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए की जाती है। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। सभी आचार्यों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें अपने-अपने गांवों में लोगों को हेलमेट पहनने और सीमित गति से वाहन चलाने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया गया। इसके बाद सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा के नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में बीकेटी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश रावत, योगेंद्र राजपूत, आशीष राजपूत और एकल अभियान के युवा विभाग अध्यक्ष संतोष कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को तीन पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय के स्थापना दिवस पर इन राज्यों के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ''त्रिपुरा के स्थापना दिवस की त्रिपुरा वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! लोक-संस्कृतियों से समृद्ध यह राज्य विकास पथ पर सतत गतिमान रहे, मां त्रिपुर सुंदरी से यही प्रार्थना है। अपने श्रृंखलाबद्ध पोस्ट में आदित्यनाथ ने कहा '' मणिपुर राज्य के स्थापना दिवस की मणिपुर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण यह राज्य प्रगति करे, उन्नति करे, प्रभु श्री राम से यही प्रार्थना है। योगी आदित्यनाथ ने अगले पोस्ट में कहा ''मेघालय राज्य के स्थापना दिवस की सभी मेघालय वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य से अलंकृत, लोक-परंपराओं से समृद्ध यह राज्य प्रगति के नित नए प्रतिमान गढ़े, यही कामना है।

## बाघ ने 15वां शिकार किया टीम को फिर दे गया चकमा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के रहमानखेड़ा जंगल के पास बाघ ने फिर से पड़वा का शिकार किया है। सोमवार की रात को बाघ ने वन विभाग को फिर से चकमा दे दिया। वह न तो ट्रैपिक केज में फंसा और न ही गड्ढे में उलझा। शिकार के बाद वह फिर से गायब हो गया। फिलहाल, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा और उसके आसपास के 50 गांवों में बाघ की मौजूदगी से डर का माहौल है। पिछले 48 दिनों से बाघ की चहलकदमी ने इलाके में दहशत बना रखी है। वन विभाग की टीम, पुलिस और प्रशासन के 80 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी बाघ को पकड़ने की कोशिश में लगे हैं।

# शहीद स्वः सुधीर यादव को भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने विनम्र श्रद्धांजलि दी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र मैथा स्थित हरकिशन पुर गाँव निवासी शहीद स्व॰ सुधीर यादव जी यहाँ उनके त्रयोदशी संस्कार में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मौके पर शहीद स्व॰ सुधीर यादव जी की पत्नी श्रीमती आवर्ती नैथानी जी , श्री नवाब यादव जी (पिताजी) , श्री धर्मेंद्र यादव जी (बड़े भाई) मौजूद रहे। जीत प्रताप सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश किया कि गाँव मैं शहीद के नाम पर एक स्मारक बनवाने का प्रस्ताव बना कर तुरंत राज्य सरकार के पास भेजे इसके उपरांत उन्होंने



परिजनों को भरोसा दिलाया कि वह स्वयं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से मुलाक़ात कर शहीद के नाम पर गाँव में स्मारक जल्द से जल्द बनवाने के लिए बात करेंगे। साथ में श्री राजन राजावत जी , श्री ललित मिश्रा जी , श्री कुल्दीप यादव जी( प्रधान) भी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई इस घटना में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के चौधरी खेड़ा निवासी सूरज के रूप में हुई। वह मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के उदवंत खेड़ा गांव में अपनी दीदी के घर जा रहा था। नरपतगंज के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सूरज उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज एक होटल में काम करता था और अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा दो भाई और चार बहनें हैं।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में किसानों के मुद्दे उठाए गए

## 26 जनवरी को निकलेगी अलग-अलग तहसील स्तर पर ट्रेक्टर तिरंगा यात्रा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मंगलवार को जिला कार्यकरणी के निर्णनुसार फ्रीगंज रोड पर स्थित भाकियू टिकैत के जिला मुख्य कार्यालय पर मासिक पंचायत का किया गया।मासिक पंचायत के दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि सिंभावली शुगर मिल पर किसानों का करोड़ो रूपये बकाया गन्ना भुगतान है

जो तयनुसार नही किया जा रहा है जिसके लिए बड़े स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। वही 26 जनवरी को तहसील स्तर पर निकाली जाएगी ट्रेक्टर तिरंगा यात्रा।वही जिला अध्यक्ष ने यह भी बताया हैं कि ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा तहसील अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के नेत्रत्व में निकाली जाएगी। भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत




में मौजूद महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी,जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल उर्फ गुजराल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चौधरी जन्म सिंह,राजा खेड़ा, डॉक्टर मतलूब, नोशाद अली, पीके वर्मा

मुनव्वर अली, रविंदर सिंह,उमेश राणा, विनोद शर्मा, ओमबीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह समेत मौजूद रहे।

# शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट को मिला डीएम कार्यालय पर चिकित्सा विभाग की टीम का सहयोग

## हापुड़ सीएमओ ने कि ट्रस्ट की सरहाना,उनके कार्य को लेकर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मंगलवार को शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट पहुंची हापुड़ कलेक्ट्रेट में जहां पर हापुड़ सीएमओ डॉ सुनील कुमार त्यागी व चिकित्सा विभाग की टीम ने कि ट्रस्ट की हौसला अफजाई राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन सो दिवसीय सघन टीबी अभियान में जनपद में लगातार जागरूकता अभियान को फैलाने के लिए, तो वहीं चिकित्सा विभाग के सभी सम्मानित साथियों ने ट्रस्ट की मुहिम को काफी सरहाया, जहां पर डॉक्टर नवीन रोहेला, डॉ अमित बैसला,क्षय रोग अधिकारी डां राकेश सिंह, डॉ आनंदमणि, डॉक्टर सतीश कुमार, डॉ शेखर सिंह, डॉ प्रियंका दुबे, जिला अस्पताल से डॉ हेमलता, डॉ




सुशील चौधरी, इत्यादि मौजूद रहे, तो वही उसके उपरांत सिटी कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक मुनीश सिंह व अवधेश सिंह ने शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट के सो दिवसीय सघन टीबी अभियान को आगे बढ़ाया तथा ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि लगातार ट्रस्ट के कार्य की सराहना की जारी है, हमारी शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट का उपदेश है की राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन सो दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत समाज में जागरूकता फैलाई जाए तथा संस्था के सभी व्यक्ति लगातार उत्सुकता के साथ ट्रस्ट के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं, तो वहीं मंगलवार के कार्यक्रम में मौजूद रहे ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह, सह संयोजक प्रदीप कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका शर्मा, उपाध्यक्ष से भारती सिंह, कोषाध्यक्ष क्षमा सिंह।

# हापुड़ डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

- ♦ जे एस वाई के लाभार्थियों का शत प्रतिशत कराए भुगतान- डीएम
- ♦ पोर्टल पर समय से रिपोर्ट अपलोड ना करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्यवाही- डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति 6त्नक्र8 की समीक्षा बैठक की गईद्य बैठक में डॉ सुनील कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस , डी सी एच चिकित्सालय, समस्त अपर




मुख्य चिकित्सा अधिकारी .डी.टी.ओ .डी.आइ.ओ.एस. .एडीआरओ .एवं डीपीएमयू यूनिट के सभी लोग तथा जिले के समस्त चिकित्सा प्रभारी, यूनिसेफ . डब्लू एच ओ .एन.जी.ओ आदि लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

डीएचएस बैठक का प्रस्तुतीकरण सतीश कुमार जिला कार्यक्रम द्वारा किया गया । डीएम ने समस्त अधीक्षको को निर्देशित किया कि जे एस वाई के लाभार्थी का भुगतान शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें साथ ही अस्पताल की

साफ सफाई व पोर्टल पर रिपोर्ट का ससमय अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया। उपरोक्त कार्य समय से पूर्ण ना होने पर संबंधित पर कठोर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गए।

## वक्फविधेयक जमीन हड़पने और देश में अराजकता पैदा करने के लिए है-इमरान मसूद

**लखनऊ।** वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 पर चर्चा के लिए लखनऊ में हुई संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी के सदस्यों की बैठक से बाहर निकले कांग्रेस के सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद ने कहा कि वक्फबाय यूजर अगर डिलीट कर दिया जाएगा तो क्या बचेगा।यह अधनियम पूरी तरीके से वक्फकी जमीनों को हड़पने और बर्बाद करने की तैयारी है। आज मुसलमान को वक्फ से हटा रहे हो कल दूसरी जगह से हटा दोगे तो क्या होगा? इसका असर जो प्राचीन मंदिर और मठ है उस पर भी पड़ेगा। देश में अराजकता और अफरातफरी का माहौल बनाया जा रहा है। इसमें एक भी पॉइंट मुसलमान के विकास के लिए नहीं है। हमारे बुजुर्ग जिस कब्रिस्तान में दफ्न हैं उसे वक्फ की संपत्ति नहीं मान रहे हैं। सदियों से जहां नमाज पढ़ रहे हैं उसे मस्जिद मानने को तैयार नहीं है। वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर मंगलवार को जेपीसी की बैठक हुई।

## हिन्दूवादी संगठन आज निकालेगें हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा

**लखनऊ।** राम जन्मभूमि मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे के अवसर पर अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता कल 22 जनवरी को अपराह्न 12 बजे से श्री सतगुरू कबीर जागू आश्रम, दसौली, कुर्सी रोड से हनुमान सेतु लखनऊ विश्वविद्यालय रोड तक हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा निकालेगें। इस यात्रा का शुभारम्भ पवन सिंह चौहान एमएलसी हरी झण्डी दिखाकर करेंगे। यात्रा के आयोजकों के मुताबिक इस यात्रा में अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, यात्रा आयोजक अंशुमान त्रिवेदी पूर्व अध्यक्ष लखनऊ प्रदेश कार्यकारी, अध्यक्ष चंद्रमौली शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष हिन्दू महासभा त्रिदंडी उत्तर प्रदेश, पंकज तिवारी, पूर्व प्रदेश संयोजक, हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश, शिवम् वर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, प्रांजल तिवारी, सक्षम गुप्ता, सोभित यादव सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# आधार सेवा केंद्र खुलने से लोगों को मिलेगा लाभ: डीएम



शकुन टाइम्स संवाददाता

- ♦ कलेक्ट्रेट परिसर में सीएससी द्वारा स्थापित किया गया आधार सेवा केंद्र का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**हापुड़।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर हापुड़ में डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने आधार सेवा केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। आधार सेवा केंद्र में आम जनमानस अपने आधार कार्ड को अपडेट करा सकते हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित आधार सेवा केंद्र में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों के नए आधार कार्ड भी बनाए जाएंगे, जिसमें आम पब्लिक को 18 वर्ष से कम आयु के लोगों के आधार इनरोलमेंट, डेमोग्राफिक अपडेट व बायोमैट्रिक अपडेट आदि का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, डिप्टी कलेक्टर इला प्रकाश, रविंद्र यादव सांख्यिकी अधिकारी एवं जिला प्रबंधक सीएससी जितेंद्र सिंह यादव सहित अपर सांख्यिकी अधिकारी श्याम कुमार उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

## दिव्यांग शौचालयो के रैम्प को मानक के अनुसार बनाया जाए- डीएम

स्कूल एवं शिक्षक की प्रोफाइल शत प्रतिशत पूर्ण होनी चाहिए- डीएम

आधार कार्ड के कारण छात्रवृत्ति में आ रही समस्या के समाधान हेतु टेबुलेशन फॉर्म में आधार कार्ड की सही जानकारी प्राप्त करें: डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में चर्चा के निम्नवत बिंदु थे, जिसमें ऑपरेशन कायाकल्प, गुणवत्ता शिक्षा,बालिका शिक्षा, मध्याह्न भोजन, यू डायस प्लस, पी एम श्री विद्यालय एवं आर टी ई के अन्तर्गत अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों का नवीन सत्र में नामांकन प्रक्रिया आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग शौचालय के रैंप को मानक अनुसार बनाए जाने पर बल दिया गया, जिससे दिव्यांग छात्र या व्यक्ति रैम्प पर व्हीलचेयर द्वारा आसानी से चढ़ और उतर सके। डीएम ने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य अद्योमानक नहीं होना चाहिए। बालक एवं बालिका शौचालय एवं मूत्रालय क्रियाशील हों। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डायट केंपस में नाला निर्माण हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हापुड़ में भराव के साथ टेलीग्राम के लिए संबंधितो एवं समस्त अपूर्ण कार्य करने वाले संबंधितों सहित आज शाम ही रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा जिससे की समस्त अपूर्ण कार्यों को समय से पूरा किया जा सके। गुणवत्ता शिक्षा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं डाइट मेंटर, एस आर जी एवं ए आर पी को माह जनवरी में निरीक्षण एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षक का लक्ष्य समय से पूर्ण करते हुए शेष विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए कार्य योजना तैयार कराकर कार्य कराने एवं प्रधानाध्यापकों को समय सारणी एवं मासिक चक्र विभाजन के अनुसार शिक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कक्षा कक्ष को इंटरएक्टिव बनाए जाने पर जोर दिया जाए तथा छात्र उपस्थिति प्रत्येक दिन 75त्न से अधिक हो। मध्याह्न भोजन गुणवत्तापूर्ण बनवाया जाए। सभी विद्यालय स्टेनलेस स्टील के बर्तन क्रय प्राथमिकता से कर लें। बर्तन क्रय एवं उनकी गुणवत्त की जांच के लिए ब्लॉकवार टीम बनाकर सत्यापन कराया जाएगा। यू डायस प्लस में अगले एक सप्ताह के अंदर शिक्षक एवं स्कूल प्रोफाइल को शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए तथा आधार की समस्या का कारण क्या है? उसको टेबुलेशन फॉर्म में बनाते हुए उपलब्ध कराया जाए , जिससे की समस्याओं का समय अंतर्गत निस्तारण कराते हुए छात्रों के आधार बनाए जा सके। जनपद के समस्त अधिकारियों की सूची के साथ समस्त परिषदीय विद्यालयों को उन सभी में वितरण किया जाए एवं आगामी शैक्षिक सत्र में उन विद्यालयों को संबंधित अधिकारियों से नियमित निरीक्षण कराया जाए। आई जी आर एस शिकायतों का समाधान वैलिड रीजन के साथ निस्तारण किया जाए।इस हेतु एडीएम न्यायिक ज्योत्सना बंधु द्वारा निर्देश दिए गए कि ए आर पी चयन हेतु पत्रावली समिति बनाकर अग्रसारित की जाए जिससे समय से ए आर पी चयन पूर्ण किया जा सके।

पीएम श्री विद्यालय में छात्र उपस्थित 80त्न से अधिक होते हुए समस्त क्रियाकलाप उत्कृष्टता के साथ संपन्न कराएं जाए।इन्हीं समस्त निर्देशों के साथ जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का समापन किया गया।

# सम्पादकीय

## ट्रम्प शासन के शुरुआती दौर में भारतीय रुपये में गिरावट का खतरा वास्तविक

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर में हाल ही में हुई अस्थिरता ने इस बात पर बहस को जन्म दिया है कि केंद्रीय बैंक को राष्ट्रीय मुद्रा के प्रगतिशील अवमूल्यन की स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। कुछ टिप्पणीकारों और रिपोर्टों के अनुसार, रुपया कुछ ही समय में 90 डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है। भारत के अग्रणी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक ने रुपये-डॉलर की दरों में मौजूदा उतार-चढ़ाव को श्ट्रम्प टैंट्रम्सश् के रूप में वर्णित किया है, जो कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अपने शानदार अध्यक्ष, बेनबर्नानके के तहत नीति सुधार चरण के दौरान पहले जो हुआ था, उसके संदर्भ में है। बर्नानके प्रभावशाली अर्थशास्त्रियों में से एक थे और 1930 के दशक की महामंदी पर उनके काम ने उन्हें 2008 के वैश्विक वित्तीय मंदी के बाद की स्थिति को संभालने के लिए एक विशेष उपकरण प्रदान किया। ऐसी स्थिति का सामना करते हुए जिसमें केंद्रीय बैंकर अर्थव्यवस्था के व्यवहार को प्रभावित करने के लिए ब्याज दर भिन्नता जैसे मौद्रिक नीति साधनों का उपयोग करने में असमर्थ थे, प्रमुख केंद्रीय बैंकरों ने श्मात्रात्मक सहजताश् (क्यूई) के रूप में जाना जाने वाला उपाय शुरू किया था। इसमें वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद करके सिस्टम में अधिक तरलता जारी करना और इस प्रकार नये फंड डालना शामिल था। स्थिति स्थिर होने के बाद, क्यूई जारी रहा और फिर वह समय आया जब इन्हें रोकना पड़ा-अर्थानीति उलटने का जमाना आया। बर्नानके ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से इस प्रक्रिया की शुरुआत की थी, जिसके कारण 2012-13 में वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल मच गयी थी। तब जो हुआ था, वह यह था कि नीतिगत रुख के उलट होने से उभरते बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) से धन का पलायन हुआ और वापस अमेरिका में आ गया। परिणामस्वरूप, ईएमई की मुद्राओं में एक तरह की गिरावट आई और विनिमय स्थिरता ने ईएमई को गंभीर रूप से प्रभावित किया। सबसे अधिक प्रभावित लोगों को एक नाम भी दिया गया था, फ्रैंजाइल फाइव। वित्त विशेषज्ञों के बीच उस चरण को टेपरटैंट्रम के रूप में जाना जाता था, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रणाली द्वारा बॉन्ड खरीद को कम किया गया था। नये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा आर्थिक कार्रवाइयों की एक श्रृंखला का सुझाव देने के साथ, वित्तीय बाजारों द्वारा एक समान अस्थिरता प्रकट की जा रही है। यह स्पष्ट और स्पष्ट रूप से घबराहट है। डोनाल्ड ट्रम्प उन देशों पर टैरिफलगाने की धमकी दे रहे हैं, जिनके निर्यात बाजार अमेरिका में हैं। इस प्रकार, ट्रम्प कह रहे हैं कि वे केनडा, मैक्सिको और सबसे बढ़कर, चीन पर उनके उत्पादों पर टैरिफ लगायेंगे जो अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं।

ट्रम्प ने भारत को भी नहीं बख्शा है। उन्होंने अक्सर भारत को टैरिफकिंग के रूप में वर्णित किया है, यह इंगित करते हुए कि भारत अक्सर संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात पर टैरिफलगाता है ट्रम्प टैरिफका उद्देश्य बाहर से आयात को सीमित करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में एक रूढ़िवादी निरंकुश शासन स्पष्ट रूप से आयात को प्रतिबंधित करेगा और इसके बजाय अमेरिकी मांगों को बाहर से आयात करने के बजाय घरेलू उत्पादित वस्तुओं पर निर्देशित करेगा। उम्मीद है कि इससे ट्रम्प के समर्थकों और उनके अनुयायियों द्वारा घोषित और प्राप्त की गयी तथाकथित मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मगा)कार्य योजना - अमेरिका को फिर से महान बनाओ- को बहाल या हासिल किया जा सकेगा। हालांकि, अमेरिका और उसके व्यापार भागीदारों में जमीनी स्तर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, आयात को प्रतिबंधित करने वाले टैरिफअमेरिका के अंदर आपूर्ति दबाव पैदा करेंगे। जैसा कि अर्थशास्त्र के जाने-माने प्रोफेसरों में से एक बैरी आइचेन ग्रीन ने तर्क दिया है, संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर विनिर्माण की कठोरता के कारण, अमेरिकी उपभोक्ताओं को घरेलू कमी को दूर करने के लिए आयातित वस्तुओं की ओर रुख करना होगा। ऐसा होने के लिए, विदेशी उत्पादों को खरीदना अभी भी सस्ता बनाने के लिए अमेरिकी डॉलर को मजबूत करना होगा। इस प्रकार, ऐसा प्रतीत होता है कि अल्पावधि में, अमेरिकी डॉलर में वृद्धि के लिए भारी दबाव आयेगा। व्यापारिक साझेदारों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पहले से ही, कई प्रतिस्पर्धी मुद्राएं, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चीनी मुद्रा ने डॉलर के मुकाबले निचले स्तर दिखाये हैं। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के साथ अमेरिका की नयी वास्तविकताओं के लिए इस तरह के वैश्विक समायोजन की स्थिति में, भारतीय वित्तीय क्षेत्र को नई वास्तविकताओं के मद्देनजर समायोजित करने के लिए बहुत सतर्क दृष्टिकोण अपनाना समझदारी होगी। नयी वास्तविकताएं और रुझान क्या हैं जिनके खिलाफभारतीय केंद्रीय बैंक को निकट भविष्य के लिए अपनी नीतियां बनानी चाहिए? सबसे पहले, बाजार की ताकतों के खिलाफ मुद्रा की विनिमय दर को वास्तव में नियंत्रित करना लगभग असंभव है। क्या होता है जब केंद्रीय बैंक दरों को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च करते हैं। हस्तक्षेप समाप्त होने के तुरंत बाद मुद्राओं पर हमले फिर से शुरू हो जाते हैं। ऐसा बार-बार हुआ है। दूसरे, मुद्रा दरें आम तौर पर एक अवधि में घरेलू ताकत और कमजोरियों को दर्शाती हैं। इस प्रकार, समग्र व्यापार में रुझान, घरेलू मूल्य स्तर, ब्याज दरें और इसी तरह के कारक दीर्घकालिक संभावनाओं को प्रभावित करते हैं। जहां तक भारतीय विदेशी मुद्रा बाजार का सवाल है, दरें लगभग सीधे तौर पर व्यवहार से जुड़ी हुई हैं।

# एक नया जुर्मः नमाज पढ़ना

राजेंद्र शर्मा

> और यह कृपा भी सिर्फ नमाज पढ़ने वालों के लिए ही सुरक्षित नहीं है। कुछ ही हफ्ते पहले, भाजपा-शासित उत्तराखंड में एक महिला के निजी आवास पर, ईसाई प्रार्थना संबंधी आयोजन पर, इसी तरह हिंदू सांप्रदायिक संगठनों के झगड़ा खड़ा करने के बाद, पुलिस हरकत में आ गयी थी। गनीमत यही रही कि संबंधित घर की स्वामिनी को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया और ऐसा कुछ भी दोबारा नहीं करने की कड़ी चेतावनी देकर ही छोड़ दिया। हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओडिशा आदि अन्य डबल इंजन सरकार शासित राज्यों में भी, क्रिसमस समेत ईसाई धार्मिक आयोजनों पर हिंदू सांप्रदायिकतावादियों की हमलों और उनके लिए पुलिस-प्रशासन की मौन सहमति की घटनाएं, कम से कम वैकल्पिक मीडिया में ठीक-ठाक संख्या में दर्ज की गयी हैं।

शनिवार को उत्तर प्रदेश में बरेली की बहेरी तहसील के एक गांव में घर के एक अस्थायी टीन शेड में जुमे की नमाज अता करने के लिए ग्राम पंचायत प्रधान समेत चार मुस्लिम पुरुषों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और 20 पहचानशुदा तथा अनजान व्यक्तियों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली। हिंदू जागरण सेना से जुड़े एक एक्स (पहले ट्विटर) उपयोक्ता ने नमाज अता किए जाने का एक ड्रोन फुटेज साझा किया था, जिसके बाद पुलिस ने उस स्थान को सील कर दिया और पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों की पहचान आरिफ(ग्राम पंचायत प्रमुख), अकील अहमद, मोहम्मद शाहिद और छोटे अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मुजम्मिल, कादिर अहमद और अन्य कई के खिलाफभी मामला दर्ज किया गया है। सिर्फ और सिर्फ सामूहिक रूप से नमाज पढ़नेश् के जुर्म में पुलिस कार्रवाई की यह कोई पहली घटना नहीं है। मोदी-योगी के डबल इंजन राज में उत्तर प्रदेश में तो यह आए दिन की बात ही हो गयी है। सार्वजनिक जगह पर सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने के लिए, यहां तक कि कई मामलों में तो सार्वजनिक स्थान पर अकेले नमाज पढ़ने के लिए भी या निजी स्थानों पर सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने पर भी, पुलिस की कार्रवाई के मामलों की तादाद ठीक-ठाक बैठेगी। लेकिन, उत्तर प्रदेश इस मामले में अकेला ही नहीं है। मध्य प्रदेश जैसे अन्य भाजपा-शासित राज्य भी इस मामले में भी उत्तर प्रदेश के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।

और यह कृपा भी सिर्फनमाज पढ़ने वालों के लिए ही सुरक्षित नहीं है। कुछ ही हफ्ते पहले, भाजपा-शासित उत्तराखंड में एक महिला के निजी आवास पर, ईसाई प्रार्थना संबंधी आयोजन पर, इसी तरह हिंदू सांप्रदायिक संगठनों के झगड़ा खड़ा करने के बाद, पुलिस हरकत में आ गयी थी। गनीमत यही रही कि संबंधित घर की स्वामिनी को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया और ऐसा कुछ भी दोबारा नहीं करने की कड़ी चेतावनी देकर ही छोड़ दिया। हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओडिशा आदि अन्य डबल इंजन सरकार शासित राज्यों में भी, क्रिसमस समेत ईसाई धार्मिक आयोजनों पर हिंदू सांप्रदायिकतावादियों की हमलों और उनके लिए पुलिस-प्रशासन की मौन सहमति की घटनाएं, कम से कम वैकल्पिक मीडिया में ठीक-ठाक संख्या में दर्ज की गयी हैं। इस तरह, मोदी राज में भारत में एक नया जुर्म स्थापित किया जा चुका है, मुसलमानों के नमाज पढ़ने का जुर्म, ईसाइयों के प्रार्थना करने का जुर्म और संक्षेप में कहें तो अल्पसंख्यकों के प्रार्थना करने का जुर्म। यहां हम जान-बूझकर अपने धर्म का पालन करने जैसी व्यापक संज्ञा का उपयोग नहीं कर रहे हैं। अपने धर्म का पालन करने की संज्ञा के दायरे में तो, हालांकि भारत का संविधान सभी नागरिकों को ठीक इतनी ही व्यापक स्वतंत्रता देता है, अपने धर्म की प्रार्थना करने से आगे भी बहुत कुछ आ जाता है। बेशक, भारत का संविधान तो इससे कई कदम आगे बढ़कर, अपने धर्म का प्रचार तथा धर्मांतरण के जरिए उसका प्रसार करने तक की इजाजत देता है। लेकिन, जैसा कि किसी से छुपा हुआ नहीं है, धर्मांतरण-विरोधी कानूनों के नाम पर, पहले ही अल्पसंख्यकों के लिए अपने धर्म के प्रचार-प्रसार को व्यवहार में जुर्म ही बनाया जा चुका था। उत्तर प्रदेश की अगुआई में प्रायरू सभी भाजपायी राज्य सरकारें, इन पाबंदियों को और इस जुर्म के लिए सजा को,



कड़े से कड़ा बनाने में ही लगी रही हैं। बहरहाल, इसके साथ ही अब तरह-तरह के बहानों से, अल्पसंख्यकों के प्रार्थना करने के धार्मिक अधिकार को ही निशाने पर लेने की कोशिश की जा रही है। बरेली में जो हुआ है, इसी का ताजातरीन उदाहरण है। बरेली की घटना का पूरा अर्थ समझने के लिए, यह याद रखना भी जरूरी है कि नमाज पढ़े जाने की घटना शुक्रवार, 17 जनवरी की है और पुलिस कार्रवाई 18 जनवरी की है। इन तारीखों का महत्व, इस तरह की शिकायतों पर पुलिस की अतिरिक्त मुस्तैदी की ओर इशारा करने के अलावा यह भी है कि यह सब ठीक उस दौरान हुआ है, जब इलाहाबाद उर्फप्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, जिसकी विधिवत शुरूआत 14 जनवरी को मकर संक्रांति से हो चुकी थी। इस महाकुंभ के लिए, जो वास्तव में बारह वर्ष पर होने वाला पूर्ण कुंभ है, मोदी-योगी के डबल इंजनिया राज द्वारा जिस तरह से व्यवस्थाएं की जा रही हैं और पूरी ताकत झोंककर व्यवस्थाएं की जा रही हैं, उनकी खबरों से न सिर्फमीडिया पटा पड़ा है बल्कि खुद शासन द्वारा तमाम सार्वजनिक विमर्श को इस प्रचार के बोझ तले दबाने की ही, काफी हद तक कामयाब कोशिशें की जा रही हैं। एक ओर, अगर बढ़ा-चढ़ाकर इसके दावे किए जा रहे हैं कि इस बार के महाकुंभ में 40 करोड़ के करीब लोग हिस्सा लेने जा रहे हैं, तो दूसरी ओर जोर-शोर से इसके भी दावे किए जा रहे हैं कि सरकार ने अपनी ओर से कुंभ मेले के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 7,000 करोड़ रुपए से अधिक प्रत्यक्ष रूप से बजट से खर्च किए जाने की जो जानकारियां सामने आयी हैं, उनके अलावा रेलवे समेत विभिन्न विभागों के जरिए, सरकार द्वारा ही किंतु अलग-अलग नामों से जितना कुछ खर्च किया गया है, उसका तो सिर्फअनुमान ही लगाया जा सकता है।

बेशक, कुंभ मेला जैसे बड़े पारंपरिक आयोजनों के लिए, जहां भी विशाल संख्या में लोग जुटते हैं, उनकी धार्मिक प्रकृति चाहे जैसी भी हो, तमाम व्यवस्था संबंधी इंतजामात करने और न्यूनतम सुविधाएं जुटाने की जिम्मेदारी से कोई भी शासन बच नहीं सकता है। बेशक, इस महाकुंभ के सिलसिले में भी इस पर तो बहस हो सकती है कि क्या व्यवस्थाओं के मामले में मोदी-योगी सरकार की सभी प्राथमिकताएं, इस पारंपरिक आयोजन की प्रकृति के अनुरूप रही हैंय इस मेले में लखटकिया टैंटों के जो विशाल मोहल्ले बनाए गए हैं, उनके बजाए मेला भूमि समेत तमाम संसाधनों का क्या गरीब या साधारण श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए उपयोग करना ही अच्छा नहीं रहता। बेशक, इस तरह के सवाल भी अपनी जगह रहते ही हैं कि क्या वजह है कि शासन के न भूतो न भविष्यत किस्म के प्रबंध करने के दावों के बावजूद, लाखों साधारण और जाहिर है कि गरीब श्रद्धालु जनवरी की कड़कड़ाती ठंड में भी, खुले आसमान के नीचे रात गुजारने पर मजबूर हैंय क्या आसमान से फूलों की बारिश कराए जाने जैसी नुमाइशी व्यवस्थाओं के मुकाबले, इन साधारण श्रद्धालुओं के लिए रात को सिर छुपाने की व्यवस्थाओं पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी नहीं था। फिर भी, यहां हमारा इरादा इस बार के महाकुंभ की व्यवस्थाओं की किसी प्रकार की समीक्षा करने का नहीं है। ना ही हम इसकी चर्चा में जाना चाहेंगे।

# खो-खो के सरताज


ब्रिटिश काल में भारत में तमाम ऐसे खेल पनपे जिन्होंने परंपरागत स्वदेशी खेलों को हाशिये पर डाल दिया। एक ओर जहां महंगे खर्च वाले खेलों को तरजीह दी गई, वहीं बिना खर्च के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने वाले खेलों के प्रति हेय भाव जगाया। यही वजह है कि बाजार के खेल में हॉकी, शरीर सौष्ठव के कलात्मक खेल व खो-खो जैसा संपूर्णता का स्वास्थ्य देने वाला खेल अनदेखी का शिकार हुए। यह सुखद ही है कि भारत में पहली बार दुनिया में खो-खो की वैश्विक स्पर्धा हुई। जिसमें विश्व के दो दर्जन देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले दिनों पंद्रह जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो-खो वर्ल्ड कप की शुरुआत हुई थी। जिसका समापन उन्नीस जनवरी को हुआ। भारतीय महिला व पुरुष टीम ने नेपाल को हराकर खिताबी जीत हासिल की। महिला टीम ने दक्षिणी अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत से जिस विजय अभियान की शुरुआत की थी, उसका समापन नेपाल के खिलाफशानदार जीत से हुआ। इस तरह अब भारत महिला व पुरुष वर्ग में पहली वर्ल्ड चौंपियन टीम बन गई है। रविवार को हुए फाइनल मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने एक अरब चालीस करोड़ भारतीयों को खुश होने का अवसर दे दिया। लेकिन एक बात जरूर अखरती है कि इस वर्ल्ड चौंपियन टीम को कोई प्राइज मनी नहीं दी गई है। नई दिल्ली में आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों वर्ग में वर्ल्ड चौंपियन बनने पर केवल ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल ही दिए गए। भारतीय खो-खो फैडरेशन की दलील थी कि टैक्स कानून की जटिलताओं की वजह से कैश प्राइज नहीं दिए गए। कहा गया कि इससे विदेशी खिलाड़ियों को दिक्कत पैदा हो सकती थी। हालांकि, इस पहले खो-खो वर्ल्ड कप को पर्याप्त प्रायोजक भी मिले थे। ऐसे में पहली बार विश्व चौंपियन बनने वाले खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए था। निश्चित रूप से इस स्वदेशी खेल के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। निश्चय ही हाल के वर्षों में भारतीय खो-खो फेडरेशन यानी केकेएफआई ने श्रम-साध्य प्रयास किए हैं। यह भारतीय खेल दुनिया के अनेक देशों में नहीं खेला जाता। इसे लोकप्रिय बनाने के लिये न केवल दूसरे देशों को प्रेरित किया गया बल्कि भारत से वहां इस खेल को सिखवाने के लिये कोच भी भेजे गए। इन देशों में खो-खो फेडरेशन बनाने में सहयोग किया गया। जिससे दुनिया के विभिन्न देशों में इस खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। निश्चित रूप से खो-खो भारत में खेला जाने वाला ऐसा खेल है जिसको जीतने के लिये न केवल रणनीति की जरूरत होती है बल्कि मनुष्य के आदर्श गुणों चुस्ती-फुर्ती, गतिशीलता व सहनशक्ति की भी आवश्यकता होती है। जो इस खेल को लोकप्रिय बनाने में सहायक है। निस्संदेह, भारत में खो-खो लीग के प्रयासों से भी इस खेल को प्रोत्साहन मिला। बाकायदा इस खेल को लोकप्रिय बनाने के लिये सलमान खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। अब विश्व कप के आयोजन से इसकी वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा। खो-खो फेडरेशन की कोशिश है कि आने वाले वर्षों में इसे एशियाड व ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाए। इस अभियान में सलमान खान के साथ खेल सितारे नीरज चोपड़ा का भी सहयोग मिला है। निस्संदेह, इस खेल को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हालिया विश्वकप की बड़ी भूमिका हो सकती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि आने वाले वर्षों में भारत की मिट्टी से जुड़ा यह खेल वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल करेगा। जरूरत इस बात की है कि इस खेल का प्रशिक्षण वैज्ञानिक तरीके से दिया जाए। खिलाड़ियों की शारीरिक व मानसिक शक्ति को मजबूत करने के लिये पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी विश्व कप, साउथ एशियन गेम्स तथा एशियन चौंपियनशिप में मिली कामयाबी को भारतीय खिलाड़ी भविष्य में होने वाले एशियाड और ओलंपिक के मुकाबलों में दोहरा सकेंगे। भारतीय माटी से जुड़े इस खेल के लिये खिलाड़ियों की तलाश देश के आदिवासी, दूरदराज के क्षेत्रों व पर्वतीय इलाकों में की जाए। फिर उन्हें तराशकर विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार किए जाएं।

# विश्व राजनीति के लिए महत्वपूर्ण घटनाएं

> राष्ट्रपति की कुर्सी दोबारा संभालने से पहले वाशिंगटन डीसी में डोनाल्ड ट्रंप अघोषित तरीके से अपना शक्ति प्रदर्शन करते रहे। उनके सम्मान में रात्रिभोज, आतिशबाजी के कार्यक्रम हुए, जिसमें व्यापार, तकनीकी और राजनीति से जुड़ी दिग्गज हस्तियों ने हिस्सा लिया। भारत की तरफसे धनकुबेर मुकेश अंबानी अपनी पत्नी नीता अंबानी के साथ ट्रंप के जश्न में हिस्सा लेने पहुंचे, वहीं ट्रंप के बाएं हाथ बन चुके एलन मस्क भी ट्रंप की शान में कसीदे पढ़ते और अमेरिका को फिर से महान बनाने, बल्कि सदियों तक महान बनाने का संकल्प लेते दिखे। ये नजारे बता रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के इस दूसरे कार्यकाल में अमेरिका में न केवल पूंजीवाद का बोलबाला दिखने वाला है, बल्कि अब भू-राजनैतिक समीकरण भी काफी हद तक बदलेंगे।

वैश्विक राजनीति के लिए रविवार और सोमवार के दिन खास महत्वपूर्ण हो गए हैं। एक तरफरविवार को इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की शुरुआत हो गई है। दोनों पक्षों से एक-दूसरे के बंधकों को छोड़ने का ऐलान हुआ और अब हमास ने इजरायल के कुछ बंधकों को रिहा भी कर दिया है। इधर सोमवार 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेकर डोनाल्ड ट्रंप इतिहास में अपनी अलग जगह बना चुके हैं। भारतीय समयानुसार रात साढ़े दस बजे के करीब ट्रंप का शपथग्रहण निर्धारित था।

राष्ट्रपति की कुर्सी दोबारा संभालने से पहले वाशिंगटन डीसी में डोनाल्ड ट्रंप अघोषित तरीके से अपना शक्ति प्रदर्शन करते रहे। उनके सम्मान में रात्रिभोज, आतिशबाजी के कार्यक्रम हुए, जिसमें व्यापार, तकनीकी और राजनीति से जुड़ी दिग्गज हस्तियों ने हिस्सा लिया। भारत की तरफ से धनकुबेर मुकेश अंबानी अपनी पत्नी नीता अंबानी के साथ ट्रंप के जश्न में हिस्सा लेने पहुंचे, वहीं ट्रंप के बाएं हाथ बन चुके एलन मस्क भी ट्रंप की शान में कसीदे पढ़ते और अमेरिका को फिर से महान बनाने, बल्कि सदियों तक महान बनाने का संकल्प लेते दिखे। ये नजारे बता रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के इस दूसरे कार्यकाल में अमेरिका में न केवल पूंजीवाद का बोलबाला दिखने वाला है, बल्कि अब भू-राजनैतिक समीकरण भी काफी हद तक बदलेंगे। ट्रंप चार साल सत्ता से बाहर रहने के बाद फिर से व्हाइट हाउस लौट रहे हैं, इससे पहले ग्रोवर क्लीवलैंड के साथ भी ऐसा ही हुआ था, जिन्होंने पहली बार साल 1885 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी, लेकिन 1889 में वे चुनाव हार गए थे और फिर 1893 में उन्होंने दोबारा समर्थकों ने जिस तरह कैपिटल हिल पर हमला बोला था, वह दृश्य अमेरिकी लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अभूतपूर्व और चौंकाने वाला था। ट्रंप ने तब चुनावों में धोखाधड़ी का इल्जाम लगाया था, वे बाद में कई मौकों पर पीड़ित की तरह प्रस्तुत करते रहे और सत्ता में लौटने का



वापसी की थी। 130 साल बाद अमेरिका फिर ऐसे ही घटनाक्रम का साक्षी बना है। हालांकि चार साल पहले जब डोनाल्ड ट्रंप को डेमोक्रेट जो बाइडेन के सामने हार मिली थी, तब उनके ऐलान उनकी तरफसे होता रहा। पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान जुलाई में जब उन पर गोली चली और वे बाल-बाल बचे, तब इस बात की प्रबल संभावनाएं बन गईं कि अब ट्रंप सत्ता में वापसी करेंगे। इस संभावना को जो बाइडेन की गिरती साख ने और बल दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर ही बाइडेन की उम्मीदवारी पर दो फाड़ हो गए। इजरायल-फिलीस्तीन युद्ध और रूस-युक्रेन युद्ध में अमेरिका की भूमिका को लेकर बाइडेन से नाराजगी जाहिर होने लगी। चुनाव अभियान के बीच में ही बाइडेन की जगह उनकी उपराष्ट्रपति रहीं कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना उम्मीदवार बना दिया। इन सबमें रिपब्लिकन पार्टी और डोनाल्ड ट्रंप को फायदा हुआ और उन्होंने फिर से जीत दर्ज की। एलन मस्क और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोगों का ट्रंप के साथ खड़ा होना भी जो बाइडेन की हार का कारण बना। अपनी ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाने के लिए ट्रंप ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके शपथग्रहण के लिए मेहमानों की सूची से लेकर उनकी घोषणाएं सब पर चर्चा हो रही है। ट्रंप को फिर से राष्ट्रपति बनते देखने के साक्षी लोगों में एलन मस्क, मार्क जुकरबर्ग, जेफबेजोस, सुंदर पिचाई, टिम कुक जैसे तकनीकी शक्ति से लैस धन कुबेरों के अलावा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवीयर मिली, इटली की प्रधानमंत्री जियार्जिया मेलोनी, जर्मनी के अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी के टीनो श्रुपाला और ब्रिटेन की पॉपुलिस्ट पार्टी-श्रिफॉर्म पाटीश् के नेता नाइजल फराज का नाम भी शामिल है। ये सूची बताती है कि दक्षिणपंथ और पूंजीवाद को ट्रंप ने खुल कर बिना किसी झिझक के तरजीह दी है। अपने विदाई भाषण में जो बाइडन ने जैसी चेतावनी दी थी कि अमेरिका चंद टेक अरबपतियों के दबदबे वाली ओलिगार्की (अल्पतंत्र) में तब्दील हो सकता है, तो वह चेतावनी ट्रंप के नए कार्यकाल की शुरुआत के साथ ही सच होती दिख रही है। उद्योगपति चुनावों में मदद करते हैं और सत्ताधारियों को दबाव में लेकर अपने मतलब की नीतियां बनवाते हैं, यह तो खुला सच है ही, लेकिन जिस तरह से एलन मस्क ट्रंप के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं, वह लोकतांत्रिक राजनीति में एक नए किस्म का चलन शुरु कर रहा है। हो सकता है आगामी वक्त में भारत में भी ऐसे नजारे देखने मिलें। वैसे ट्रंप के आमंत्रितों में नरेन्द्र मोदी का नाम शामिल न होने पर भी काफी सवाल उठे। माना जा रहा है कि पिछले सितम्बर में अपनी अमेरिका यात्रा में नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप से मुलाकात में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, इस वजह से ट्रंप ने कोई गांठ बांध ली है। हालांकि परस्पर लाभ और लेन-देन के संबंधों में ऐसी गांठें नहीं बनाई जातीं। लेकिन हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप जैसे आयोजनों के बाद नरेन्द्र मोदी को ट्रंप के शपथग्रहण में न बुलाना और वहीं शी जिनपिंग को ट्रंप द्वारा खुद निमंत्रित करना वैश्विक संबंधों में नए समीकरण की तरफइशारा करता है। शी जिनपिंग इस समारोह में नहीं गए।



## इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरुआत करने उतरेगी टीम इंडिया

# मोहम्मद शमी की वापसी पर फोकस

एजेंसी



**कोलकाता।** फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी । भारतीय टीम का लक्ष्य आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जायेंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिये थे । उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर सात विकेट चटकाये थे । वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे । आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं । इसके बाद उनके बायें घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा । शमी ने बंगाल के लिये रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई । इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिये । शमी ने टी20 कैरियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं । उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था । रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिये बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किये हैं । हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी । अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाये और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिये थे । भारत की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा । मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें केरल टीम में जगह नहीं मिली । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो टी20 शतक जड़ने वाले सैमसन कई बार खुद को साबित कर चुके हैं । वहीं आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जमाने वाले नीतिश रेड्डी को भी टीम में जगह मिली है । वह हार्दिक पंड्या के साथ तेज गेंदबाजी का एक और विकल्प दे सकते हैं । जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम के लिये मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ यह नये सत्र की शुरूआत है । टी20 विश्व कप से इंग्लैंड के बाहर होने के बाद मैथ्यू मोट ने इस्तीफा दे दिया जिसके बाद मैकुलम ने तीन साल का करार किया । टेस्ट क्रिकेट को आक्रामक खेल (बैजबॉल) की नयी परिभाषा देने वाले मैकुलम सीमित ओवरों के प्रारूप में भी उसे दोहराना चाहेंगे ।

## रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई टीम के स्क्वाड का ऐलान

### अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेलेंगे रोहित शर्मा

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और उभरते हुए युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को जम्मू कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। रोहित लगभग एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने सोमवार को टीम की घोषणा करते हुए कहा कि अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला और अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्राफी की घोषणा के वक्त हुई प्रेस कांफ्रेंस में शनिवार को रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के मैच में भाग लेने की पुष्टि कर दी थी। जब उनसे पूछा गया था कि वह अपनी राज्य की टीम के अगले घरेलू मैच में खेलेंगे तो उन्होंने उत्तर दिया, ''मैं खेलूंगा।'' न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद खेल के लंबे प्रारूप में रोहित की फॉर्म को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे हैं। भारतीय कप्तान 15 जनवरी को मुंबई के लिए आयोजित ट्रेनिंग सत्र में अभ्यास के लिए पहुंचे थे जिससे उनके खेलने की बात स्पष्ट हो गई थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में सभी अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया, बस फिटनेस संबंधित मुद्दों पर ही उन्हें छूट मिलेगी। इसके बाद जायसवाल भी मुंबई शिविर से जुड़े गये और उन्होंने अपने घरेलू टीम के साथ बीकेसी मैदान पर कुछ ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। रोहित ने हाल में घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारणों में राष्ट्रीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम का हवाला दिया था।

**मुंबई की टीम इस प्रकार है:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, आयुष म्हात्रे, श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड, शिवम दूबे, हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), आकाश आनंद (विकेटकीपर), तनुष कोटियान, शम्स मुलानी, हिमांशु सिंह, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डीसूजा, रोयस्टन डायस, कर्ष कोठारी।



## बदलाव का दौर, मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीः अक्षर पटेल

एजेंसी

**कोलकाता।** स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल किसी भी समय अनुभवी रविंद्र जडेजा की जगह लेने के दावेदार हैं और वह भारतीय टेस्ट टीम में होने वाले बड़े बदलाव के दौरान पैदा होने वाली संभावनाओं से वाकिफ हैं लेकिन उन्हें अपने मामले में किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। अक्षर सोमवार को 31 साल के हो गए हैं और अपने सीनियर साथी के समान कौशल होने के बावजूद वह पिछले एक दशक से जडेजा की अनुपस्थिति में ही टीम में जगह बना पाते हैं। अक्षर ने अपने 11 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों में 184 विकेट लिए हैं जिसमें से 55 विकेट 14 टेस्ट में मिले हैं। इन 14 टेस्ट में से दो बांग्लादेश में थे जब जडेजा अनफिट थे। भारतीय क्रिकेट में बदलाव के बारे में और क्या उन्हें इससे फायदा होगा, पूछने पर भारत के टी20 उप कप्तान ने तथ्यात्मक प्रतिक्रिया दी। अक्षर ने कहा, बिलकुल, बदलाव का दौर आने ही वाला है। पर आखिर में यह चयनकर्ताओं और कप्तान का फैसला है। मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा काम मुझे सौंपी गई भूमिका को पूरा करने और खुद में लगातार सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना है। अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं, तो टीम में मेरी जगह अपने आप बन जाएगी। वह मानते हैं कि वह सभी प्रारूपों के खिलाड़ी हैं, उन्होंने कहा, मैं खुद को बताता रहता हूं कि मैं सभी तीन प्रारूपों में खेल चुका हूं। मेरा ध्यान सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करने पर है, जब भी मौका मिले। मेरा मानना है कि मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है, भले ही मैं चुना जाऊं या नहीं।




### उदयपुर में होगी 19 वर्ष स्कूली छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में पहली बार स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 19 वर्ष छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 29 जनवरी से आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा लोकेश भारती ने बताया कि राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 29 जनवरी से 3 फरवरी तक शहर के विभिन्न क्रिकेट खेल मैदानों पर खेली जाएगी। इसमें पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से 19 वर्ष छात्रा वर्ग की क्रिकेट टीम में भाग लेंगी। इसके लिए जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्रिकेट खेल मैदानों की अग्रिम बुकिंग की जा चुकी है। शहर के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुंदरवास में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के आयोजन एवं सफल संचालन के लिए पूर्व तैयारी के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति किए गए प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं शारीरिक शिक्षकों के साथ सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय में आवश्यक बैठक की और अब तक हो चुकी तैयारी का जायजा लेकर जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किए।

## चैंपियंस ट्रॉफी से चूके करुण नायर को कैसे मिलेगा इंग्लैंड का टिकट?

एजेंसी

नई दिल्ली। विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में तूफानी प्रदर्शन करके सभी का दिल जीतने वाले करुण नायर को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम में जगह नहीं मिली। सिलेक्शन से पहले उनका औसत 752 का था। फाइनल मैच में जल्दी आउट होने के बाद उनका औसत करीब 400 का हो गया था। बावजूद इसके सिलेक्टर्स ने उनको नहीं चुना। इसके पीछे का कारण अब पूर्व महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने बताया है। उन्होंने ये भी बताया है कि उनको इंग्लैंड के दौरे पर कैसे चुना जा सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सिलेक्शन से पहले विजय हजारे ट्रॉफी में 112, 44, 163, 111, 112, 122, 88 और 27 रन की पारी खेलने वाले करुण नायर टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। हालांकि, करीब 8 साल से वे टीम से बाहर हैं। करुण नायर को लेकर गावस्कर ने स्पोर्ट्स तक पर बताया कि टीम में उनके लिए जगह ही नहीं है। आप उनको कहां फिट करोगे? गावस्कर ने कहा, उन्हें वे कहां फिट करते थे? आप केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की जगह उनको ले सकते थे। केएल इस टीम के लिए दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे और 2023 विश्व कप के दौरान उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। मुझे नहीं लगता कि भारतीय क्रिकेट टीम ने उसके बाद बहुत ज्यादा वनडे क्रिकेट खेला है। श्रेयस अय्यर ने भी इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। यही वजह है कि करुण नायर को नहीं चुना गया। हालांकि, गावस्कर ने सलाह दी है कि करुण नायर को रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और इंग्लैंड का टिकट हासिल करना होगा। गावस्कर बोले, अगर रणजी ट्रॉफी के दौरान उनका फॉर्म ऐसा ही रहा तो टीम इंडिया के लिए इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे के दौरान उन्हें ना चुनना मुश्किल होगा। चीफ सिलेक्टर अजीत आगरकर ने भी माना था कि वे स्कीम ऑफ थिंग्स का हिस्सा थे। हालांकि, सभी को टीम में फिट करना असंभव है।



## बकाया वसूली के सभी संभावित उपाय टटोलने के बाद ही कर्जदारों के साथ समझौता होः आरबीआई

एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) से कहा कि वे बकाया वसूलने के सभी संभावित तरीके आजमाने के बाद ही कर्जदारों के साथ समझौता करें। केंद्रीय बैंक ने 24 अप्रैल, 2024 के 'मुख्य दिशानिर्देश... भारतीय रिजर्व बैंक (संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी) दिशानिर्देश, 2024' को संशोधित किया है।



प्रत्येक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी को उधारकर्ताओं के बकाये के निपटान के लिए निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त नीति बनानी चाहिए। कर्जदाताओं के बकाया के निपटान पर जारी संशोधित दिशानिर्देश के अनुसार नीति में, अन्य बातों के अलावा, एकमुश्त निपटान पात्रता के लिए 'कट-ऑफ' तिथि, निपटान राशि पर पहुंचने के दौरान जोखिम की विभिन्न श्रेणियों के लिए स्वीकृत नुकसान और गारंटी वाले उत्पाद के वास्तविक मूल्य पर पहुंचने के तौर-तरीकों जैसे पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ''बकाया वसूलने के सभी संभावित तरीकों की जांच करने के बाद ही उधारकर्ता के साथ समझौता किया जाएगा और निपटान को उपलब्ध विकल्पों में से बेहतर माना जाएगा। इसके अलावा, निपटान राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाना चाहिए। समझौते में अगर एक किस्त में सहमत पूरी राशि के भुगतान की बात नहीं की गई है, वहां प्रस्ताव स्वीकार्य व्यवसाय योजना (जहां लागू हो), उधारकर्ता की अनुमानित आय और नकदी प्रवाह के अनुरूप होना चाहिए। दिशानिर्देश में उन मामलों में पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं का जिक्र है जहां एक करोड़ रुपये से अधिक या उससे कम के कुल मूल्य वाले उधारकर्ता से संबंधित खातों का निपटान किया जाता है। आरबीआई ने यह भी कहा कि संशोधित ढांचे के तहत उधारकर्ताओं के साथ समझौता किसी भी अन्य कानून के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होना चाहिए। इसके अलावा, जहां भी एआरसी ने न्यायिक मंच के तहत वसूली की कार्यवाही शुरू की है और ऐसे मंच के समक्ष मामले लंबित है, उधारकर्ता के साथ किया गया कोई भी समझौता संबंधित न्यायिक मंच की सहमति के निर्णय पर निर्भर करेगा।

## कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,701 करोड़ रुपये पर

एजेंसी

**मुंबई ।** कोटक महिंद्रा बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 10.22 प्रतिशत बढ़कर 4,701 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4,265 करोड़ रुपये रहा था और जुलाई-सितंबर, 2024 तिमाही में 5,44 करोड़ रुपये रहा था।

निजी क्षेत्र के बैंक का शुद्ध लाभ एकल आधार पर दिसंबर तिमाही में 3,304 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,005 करोड़ रुपये जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में 3,343 करोड़ रुपये रहा था।



बैंक की कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 16,050 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,096 करोड़ रुपये रही। कंपनी का खर्च दिसंबर तिमाही में 10,869 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 9,530 करोड़ रुपये था। कंपनी का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात तीन महीने पहले के 1.49 प्रतिशत से बढ़कर 1.50 प्रतिशत हो गया। कुल प्रावधान दिसंबर तिमाही में बढ़कर 794 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 579 करोड़ रुपये सेऔर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 660 करोड़ रुपये था।

## दिलचस्प इतिहास से जुड़ी है पोस्टकार्ड संग्रह की आकर्षक दुनिया

एजेंसी

**जालौन।** ईमेल और व्हाट्सएप के इस युग में आज की युवा पीढ़ी को पोस्टकार्ड और अंतरदेशीय पत्र के बारे में पता भी नहीं होगा मगर एक जमाने में यही संचार तंत्र दूर दराज बैठे परिजनो,मित्रों और रिश्तेदारों तक सूचना पहुंचाने में अहम भूमिका अदा करते थे।

डिजिटल युग में, पोस्टकार्ड का उपयोग भले ही कम हो गया हो, लेकिन इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को नकारा नहीं जा सकता और यही कारण है कि पोस्टकार्ड संग्रह के प्रति शौक में आज भी कोई कमी नजर नहीं आती है। इतिहासकार डॉक्टर हरिमोहन पुरवार ने बताया कि डेल्टियोलॉजी, यानी पोस्टकार्ड संग्रह, एक दिलचस्प और इतिहास से जुड़ी हुई विधा है। पोस्टकार्ड संग्रह न केवल एक शौक है, बल्कि यह अतीत की यादों और संचार के बदलते तरीकों



को संरक्षित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

आस्ट्रिया को पोस्टकार्ड का जनक माना जाता है। वर्ष 1869 में, दुनिया का पहला पोस्टकार्ड आस्ट्रिया में जारी किया गया। उस समय यह संचार का एक सरल और प्रभावी तरीका था, जिसे आम जनता ने तेजी से अपनाया। आस्ट्रिया के इस नवाचार ने अन्य देशों को भी प्रेरित किया। देखादेखी इंग्लैंड ने 1872 में अपने यहां पोस्टकार्ड का प्रचलन शुरू किया। भारत में पोस्टकार्ड का इतिहास 1879 से शुरू होता है। इसे 'ईस्ट इंडिया पोस्टकार्ड' के नाम से जाना गया। उस समय इसका मूल्य मात्र तीन पैसा था। इस पोस्टकार्ड की विशेषता यह थी कि उस पर क्वीन विक्टोरिया के चित्र के साथ डाक टिकट अंकित था। यह पोस्टकार्ड भारतीय डाक सेवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया और संचार का एक सस्ता और लोकप्रिय साधन साबित हुआ। डेल्टियोलॉजी के शौकीन लोग पुराने पोस्टकार्डों का संग्रह करते हैं, जो इतिहास, संस्कृति और कला का प्रतिबिंब होते हैं। भारत में भी ऐसे कई संग्रहकर्ता हैं, जिनके पास भारत के पहले पोस्टकार्ड से लेकर विभिन्न कालखंडों के दुर्लभ पोस्टकार्ड मौजूद हैं।

ये पोस्टकार्ड न केवल डाक सेवाओं के इतिहास को दिखाते हैं, बल्कि उस समय की सामाजिक और सांस्कृतिक झलक भी प्रदान करते हैं। डेल्टियोलॉजी का महत्व केवल संग्रहण तक सीमित नहीं है। यह हमें यह समझने में मदद करता है

### भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस की रणनीतिक साझेदारी

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल और देश की निजी क्षेत्र की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने आज वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की। इस साझेदारी में एयरटेल के 37.5 करोड़ का सक्रिय ग्राहक, 12 लाख से अधिक का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क तथा बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों का विविध समूह और 5,000 से अधिक शाखाएं एवं 70000 क्षेत्रीय एजेंट शामिल है ।एयरटेल, बजाज फाइनेंस के खुदरा वित्तीय उत्पाद शुरुआत में अपने एयरटेल थैंक्स ऐप पर और बाद में अपने स्टोर के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से भी उपलब्ध कराएगा, ताकि ग्राहकों को इस सुविधा का सहज और सुरक्षित अनुभव मिल सके। दोनो कंपनियों की डिजिटल परिसम्पतियों की संयुक्त ताकत एयरटेल और बजाज फाइनेंस को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाने में सक्षम बनाएगी।

## सुविधाओं के अभाव में फीकी पड़ रही है सहारनपुर के सर्राफा बाजार की चमक

एजेंसी


**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के एक सदी पुराने सर्राफा बाजार की चमक सुविधाओं के अभाव में फीकी पड़ने लगी है। करीब 130 साल पुराने बाजार में करीब 400 सर्राफा कारोबारी हैं जिनका कारोबार उत्तर प्रदेश के छोटे और मझोले व्यापारियों के अलावा हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड तक फैला है और हजारों की संख्या में ग्राहक इस बाजार से जुड़े हैं। सर्राफा कारोबारियों का दर्द है कि अनेक तरह की समस्याओं से आभूषण का यह कारोबार अपनी चमक खो रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सर्राफा कारोबारियों से कहा है कि वे आकर उनसे मिल सकते हैं। वह उनकी समस्याओं का समाधान कराएंगे और जितनी भी सुविधाएं प्रशासन के स्तर से दी जा सकती हैं,



दिलाने का काम करेंगे। प्रमुख व्यापारी राम राजीव सिंघल का कहना है कि सट्टा बाजार के कारण अनेक तरह की दिक्कतें खड़ी होती हैं। सरकार इस कारोबार को सट्टा बाजार के चंगुल से मुक्त कराए। करीब करीब सभी कारोबारियों का कहना है कि सोने-चांदी के ऊंचे दामों ने बिक्री को बहुत ही प्रभावित किया है। पहले आभूषणों पर एक फीसद वेट लगता था अब तीन फीसद जीएसटी लगती हैं।

व्यापारी विपिन अग्रवाल कर प्रणाली से संतुष्ट नहीं हैं। सुभाष चंद सिंघल की शिकायत है कि हरियाणा प्रदेश से खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को सीमा पर पुलिस परेशान करती है और अवैध उगाही करती है। संजीव जैन का कहना है कि ज्यादातर सर्राफा की दुकान व्यस्त बाजारों में है जहां अतिक्रमण के कारण ग्राहकों को उन तक पहुंचने में भारी दिक्कतें होती हैं। व्यापारी महिपाल वर्मा ने कहा कि सहारनपुर कहने को ही स्मार्ट सिटी पर तमाम तरह की सुविधाएं गायब है। देव कुमार जैन ने कहा कि बाजार में बिजली के तारों का जाल बिछा होने से आग लगती रहती है और हमेशा डर बना रहता है। संजीव जैन ने प्रशासन से मांग की कि वे उनके लिए तमाम जरूरी सुविधाएं प्रदान करें। राम राजीव सिंघल ने कहा कि सरकार एमसीएक्स से इस कारोबार के नियंत्रण से बाहर करे। संजय सिंघल ने कहा कि सहारनपुर में 1895 में इस कारोबार की स्थापना हुई थी। जिसमें करीब 400 सौ व्यवसायी कार्यरत हैं और हजारों मजदूरों का जीवन यापन भी इस कारोबार से जुड़ा है।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्लीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



# भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कबूला, मुफ्त शिक्षा और इलाज बंद करेंगे: केजरीवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प पत्र पर हमला करते हुए मंगलवार को दावा किया कि भाजपा ने अपने दो संकल्प पत्रों में क़बूल किया है और सीधे एलान कर दिया है कि वह दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक बंद कर देंगे और सरकारी स्कूलों में मिलने वाली मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे।

श्री केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा, भाजपा ने अभी तक दो संकल्प पत्र जारी किए हैं। दोनों संकल्प पत्र दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए बहुत खतरनाक हैं। इन लोगों ने बड़ी ईमानदारी से कबूल कर लिया है कि इनकी असली नियत और मंशा क्या है? कोई भी व्यक्ति भाजपा के



संकल्प पत्रों को पढ़ेगा तो उसका खून खौल उठेगा। हम बार-बार कह रहे हैं कि दिल्ली में हम लोगों ने दिल्ली में शिक्षा मुफ्त कर दी। हम लोगों ने दिल्ली के 18 लाख बच्चों के लिए शानदार शिक्षा का इंतजाम किया है। अगर ये लोग आ गए तो मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे। हम लोग बार-बार कह रहे हैं कि ये लोग आ गए तो मुफ्त इलाज बंद कर देंगे, मुफ्त बिजली बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चार दिन पहले अपना पहला संकल्प पत्र जारी किया। उस संकल्प पत्र में साफ-साफ लिखा कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक बंद कर दिए जाएंगे। दिल्ली के लोगों को जो मुफ्त इलाज मोहल्ला क्लीनिकों और अस्पतालों में मिल रहा है, वो बंद कर दिया जाएगा।

आप नेता ने कहा कि ये लोग अपने दूसरे संकल्प पत्र में कह रहे हैं कि दिल्ली के स्कूलों में मिलने वाली मुफ्त शिक्षा को बंद कर दिया जाएगा। संकल्प पत्र में लिखा है कि सरकारी शिक्षण संस्थाओं में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। इसका मतलब अब ये सबकी मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे। इसका मतलब यह है कि लोग इनके घरों के चक्कर काटेंगे कि उनके बच्चे की शिक्षा भी मुफ्त कर दी जाए।

## सैफ अली खान हुए अस्पताल से डिस्चार्ज, 5 दिन बाद मिली छुट्टी

एजेंसी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को इलाज के बाद लीलावती अस्पताल से डिसचार्ज कर दिया गया है। एक्टर को 5 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिली है। शहजाद नाम के शख्स ने एक्टर के घर में खुसकर उन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था जिसके बाद इलाज के लिए वह हॉस्पिटल में एडमिट हुए थे। एक्टर की हालत अब बेहतर है और उन्हें आराम करना है।

करीना कपूर खान अस्पताल पहुंची थीं सैफ से मिलने के लिए। हालांकि सैफ उनके साथ घर गए हैं या अलग इसको लेकर जानकारी नहीं आई है।

बता दें कि पिछले हफ्ते बुधवार देर रात को आरोपी सैफ के घर घुसा और जब एक्टर की हाउस हेल्प ने उसे देखा तो वह शोर करने लगीं। इसके बाद शोर सुनकर सब सैफ आए तो लड़ाई के दौरान उसने सैफ



पर चाकू से 6 बार वार किए। एक्टर की 2 सर्जरी हुई जहां स्पाइन के पास चाकू का एक हिस्सा भी रह गया था।

डॉक्टर्स का कहना था कि अगर घाव थोड़ा और गहरा होता तो एक्टर की जान पर भी बात आ सकती थी। खैर फिलहाल सैफ ठीक हैं और अब रेस्ट करेंगे कुछ दिन।

वहीं इस केस में जिस आरोपी को पकड़ा है पुलिस ने बताया कि वह बांग्लादेश का नागरिक है और कुछ महीने पहले ही मुंबई आया है। वह ठाणे के एक बार में काम कर रहा था विजय दास नाम रखकर ताकि उसकी असली पहचान किसी को नहीं पता चल पाए।

## संक्षिप्त सामाचार

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में बालोतरा जिले के जसोल थाना क्षेत्र में मेगा हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बालोतरा निवासी धर्मेंद्र (36) और दिलीप (30) के रूप में हुई है। दोनों युवक टेलरिंग का काम करते थे और दांखा गांव में ग्राहक को सिले हुए कपड़े देने के बाद कल देर रात्रि करीब 12.30 बजे अपने घर लौट रहे थे कि सरहद आसाडा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से घायल दोनों युवकों को बालोतरा के नाहटा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रतापगढ़ में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के लालगंज क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को घायल अवस्था में धर दबोचा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उधरनपुर नाले के पास चेकिंग के दौरान भोर में बदमाशों को पुलिस ने ललकारा जिस पर उन्होने फायरिंग करते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में शोएब उर्फ रुफी एवं रामसिंह के पैर में गोली लगी जिसके बाद उन्हे गिरफ्तार किया गया। घायलों को सीएचसी लालगंज भेजा गया है। एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला। शोएब पर लूट चोरी, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट जैसे कुल 11 अभियोग पंजीकृत है जबकि रामसिंह पर लूट चोरी, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट जैसे कुल 12 अभियोग पंजीकृत है ।

### होटल में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**अंकारा।** तुर्की के पश्चिमोत्तर प्रांत बोलू में मंगलवार को एक होटल में भीषण आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि कार्तल्काया स्की रिसॉर्ट के एक होटल में स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के करीब 03ः30 बजे भीषण आग लग गई। इस दौरान घबराहट में इमारत से कूदने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। आग बुझाने का काम जारी है।

### नो एंट्री में जाने से रोका तो चालक ने ट्रक को हैड कांस्टेबल पर चढ़ा दिया

**जयपुर।** राजस्थान में दौसा जिले के लालसोट शहर में आज नो एंट्री में जाने से रोकने पर एक ट्रक चालक ने पुलिस हेड कांस्टेबल पर ट्रक चढ़ा दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालसोट दिनेश अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार सुबह ट्रैफिक पुलिस हेड कांस्टेबल प्रसादी लाल बैरवा ड्यूटी पर आया था।

करीब पौने 11 बजे एक ट्रक चालक ट्रक को नो एंट्री में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। श्री बैरवा ने उसे नो एंट्री में प्रवेश करने से रोका तो गुस्साये ट्रक चालक ने कांस्टेबल के ऊपर ट्रक चढ़ा दी, जिससे हेड कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया।

## संस्कृति बिल्डर्स एवं डेवलपर्स की प्रवर्तन निदेशालय से जाँच की मांग

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वसई।** वसई विरार शहर में जारी तमाम अवैध गतिविधियों एवं कार्यों की सूची में अब बड़ी बड़ी कंपनियां एवं उद्योग भी आने लगे हैं जिसकी खबर सुनकर आम आदमी के होश उड़ जा रहे हैं। ऐसी ही एक नामी कंपनी संस्कृति बिल्डर्स एवं डेवलपर्स का नाम सामने आया है जिसकी प्रवर्तन निदेशालय से जांच के लिए शिकायत पत्र दिया गया है। पत्र में मांग किया है कि संस्कृति बिल्डर्स एवं डेवलपर्स कंपनी द्वारा अब तक 20-25 इमारतों और एक विद्यालय का निर्माण किया गया है जिसमें कई जगह निर्माण कार्य में अनियमितताएं हैं एवं संभवत- कई जगह अनुमति से अधिक निर्माण कार्य किया गया है। साथ ही यह भी मांग किया गया है कि कंपनी के मालिक प्रमोद चतुर्वेदी एवं मनोज चतुर्वेदी के खातों की भी गहन जांच

Sanskruti Builder & Developer

किया जाए जिससे लेन देन का बडा भ्रष्ठाचार उजागर हो सकता है। आरोप है कि संस्कृति बिल्डर्स एवं डेवलपर्स के द्वारा एक अवैध विद्यालय का भी निर्माण किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि प्रवर्तन निदेशालय ने मामले में गहन जांच किया तो करोडों के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होगा। हालांकि यह जांच का विषय है कि शिकायत कर्ता की बातों में कितनी सच्चाई है लेकिन शिकायत के आधार पर जांच होना भी संवैधानिक दृष्टि से न्यायसंगत है।

यह धन जनकल्याण योजनाओं में इस्तेमाल किया जा सकता था।

# ऑस्ट्रेलिया के करीब आधे हिस्से में हीटवेव चेतावनी जारी

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के लगभग आधे हिस्से में 'हीटवेव' चलने की चेतावनी जारी की गयी है, जो कई दिनों तक जारी रह सकती है। मौसम विज्ञान ब्यूरो ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के विशाल हिस्से के लिए तीन दिन की 'हीटवेव' चेतावनी जारी की है।

यह चेतावनी पश्चिमी तट के शहर पर्थ से लेकर मध्य ऑस्ट्रेलिया के माध्यम से पूर्वी तट के शहर ब्रिसबेन तक फैली हुई है। इन दोनों शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 12 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहने के आसार हैं। पर्थ में मंगलवार से शुक्रवार तक हर दिन अधिकतम तापमान कम से कम 37 डिग्री



सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि ब्रिसबेन में अधिकतम तापमान 31-37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। दोनों शहरों में उच्च आर्द्रता भी रहने की चेतावनी दी गई है, जिससे गर्मी का अनुभव और अधिक तीव्र हो सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि गंभीर 'हीटवेव' की स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील व्यक्तियों, जैसे कि बुजुर्गों, के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है। पर्थ के कुछ हिस्सों में सोमवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पर्थ से 370 किलोमीटर उत्तर स्थित शहर जेरेल्डटन में तापमान 49.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कि इस शहर के इतिहास का सबसे गर्म दिन है। मौसम एजेंसी ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तट पर हिंद महासागर में उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'सीन' को गर्मी की लहर के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार ठहराया है, जो पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तटीय क्षेत्रों के पास स्थित है। इस चक्रवात के प्रभाव से गर्म हवा पूरे क्षेत्र में फैल गई है, जिसके कारण तापमान में भारी वृद्धि हो रही है। यहां रविवार को बनें इस चक्रवात ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग में रहने वाले लोगों के लिए आपातकालीन चेतावनी जारी की और वापस समुद्र में जाने से पहले इस क्षेत्र में विनाशकारी हवाएं और भारी वर्षा का प्रभाव छोड़ा है।

# ट्रम्प ने अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन छोड़ने का आदेश दिया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से देश को को अलग करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए आदेश जारी किये हैं। मीडिया रिपोर्टों में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

नवनियुक्त अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस पहुंचने के बाद दस्तावेज़ को मंजूरी देते हुए कहा, ओह, यह बहुत बड़ा है। यह उन दर्जनों कार्यकारी कार्रवाइयों में से एक थी, जिन पर उन्होंने कार्यालय में पहले ही दिन अपने हस्ताक्षर किए थे। बीबीसी की मंगलवार की रिपोर्ट के अनुसार यह दूसरी बार है जब श्री ट्रंप ने अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने का आदेश दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, श्री ट्रम्प इस बात



के आलोचक थे कि अंतरराष्ट्रीय संस्था ने कैसे कोविड-19 को संभाला और महामारी के दौरान जिनेवा स्थित संस्था से बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू की। बाद में राष्ट्रपति जो बिडेन ने उस फैसले को पलट दिया। पहले ही दिन इस कार्यकारी कार्रवाई को अंजाम देने से यह अधिक संभावना है कि अमेरिका औपचारिक रूप से वैश्विक एजेंसी छोड़ देगा। श्री ट्रंप ने ओवल ऑफिस में डब्ल्यूएचओ का जिक्र करते हुए कहा, वे हमें वापस चाहते थे, इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। आदेश में कहा गया है कि चीन के वुहान से उत्पन्न हुई कोविड-19 महामारी और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से निपटने में डब्ल्यूएचओ की ग़लती, तत्काल आवश्यक सुधारों को अपनाने में इसकी विफलता और अनुचित से स्वतंत्रता का प्रदर्शन करने में इसकी असमर्थता के कारण अमेरिका पीछे हट रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यकारी आदेश में यह भी कहा गया है कि वापसी अमेरिका द्वारा डब्ल्यूएचओ को किए गए अनुचित भारी भुगतान का परिणाम थी, जो संयुक्त राष्ट्र का हिस्सा है। रिपोर्टों के अनुसार, ट्रम्प ने डब्ल्यूएचओ पर चीन के प्रति पक्षपाती होने का आरोप लगाया कि कैसे उसने प्रकोप के दौरान मार्गदर्शन जारी किया। बिडेन प्रशासन के तहत अमेरिका विश्व स्वस्थ्य संगठन का सबसे बड़ा फंडर बना रहा और 2023 में इसने एजेंसी के बजट का लगभग पांचवां हिस्सा योगदान दिया। संगठन का वार्षिक बजट छह करोड़ 80 लाख है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डब्ल्यूएचओ छोड़ने के श्री ट्रम्प के फैसले की आलोचना कर रहे हैं और उन्होंने चेतावनी दी है कि इसके परिणाम अमेरिकियों के स्वास्थ्य पर पड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ लोगों ने सुझाव दिया है कि यह कदम मलेरिया, तपेदिक और एचआईवी और एड्स जैसी संक्रामक बीमारियों से लड़ने में हुई प्रगति में बाधा बन सकता है। वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर लॉरेंस गोस्टिन ने कहा, यह एक विनाशकारी निर्णय है। विश्व स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर घाव है, लेकिन अमेरिका के लिए और भी गहरा घाव है।

# रामकृष्ण मिशन स्कूल को तोड़ने की कोशिश पर कर्फ्यू लागू

एजेंसी

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले के मावकिनर्यू गांव में रामकृष्ण मिशन स्कूल के निर्माण को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प में छह लोग घायल होने के बाद सोमवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि यह घटना उस समय शुरू हुई, जब ग्रामीण रामकृष्ण मिशन स्कूल के निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचे और वहां एक गोल पोस्ट लगाने का प्रयास करने लगे। मावकिनर्यू और मावलें गांव के निवासियों का दावा था कि यह जमीन मावकिनर्यू स्पोर्ट्स क्लब को आवंटित की गई थी। हालांकि, सरकारी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह




जमीन रामकृष्ण मिशन स्कूल प्रबंधन को गांव के पूर्व ग्राम प्रधान की ओर से आवंटित की गई थी। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने निर्माण कार्य तब शुरू किया, जब ग्राम प्रधान की ओर से इस जमीन पर स्कूल निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया गया। ग्रामीणों के इस दावे और सरकारी पक्ष के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। प्रदर्शनकारियों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए वहां गोल पोस्ट लगाने की कोशिश की। पुलिस और प्रशासन ने जब उन्हें रोका, तो टकराव हिंसक हो गया। इस दौरान छह लोग घायल हो गए। इस झड़प में चार महिला सशस्त्र शाखा कांस्टेबल और दो महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज भी किया।

# ममता ने बलात्कार, हत्या के मामले को लेकर निचली अदालत के फैसले पर गहरी नाराजगी जताई

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के आर.जी. कर अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले में निचली अदालत के फैसले पर गहरी नाराजगी और आश्चर्य व्यक्त किया है। सुश्री बनर्जी ने सोमवार को अदालत का फैसला आने के बाद कहा कि यह मामला दुर्लभ से दुर्लभतम' मामलों में से एक था और अदालत का यह निर्णय इस दृष्टिकोण से बिल्कुल मेल नहीं खाता कि आरोपी को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह टिप्पणी उस फैसले के बाद की, जिसमें अदालत ने बलात्कार और हत्या के आरोपी को मृत्युदंड की बजाय उम्रकैद की सजा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला बेहद निराशाजनक था और इस मामले को 'दुर्लभतम' मामलों में गिना जाना चाहिए था, जिसमें दोषी को सख्त सजा मिलनी चाहिए। सुश्री बनर्जी का यह बयान उस समय आया, जब अदालत ने महिला डॉक्टर की हत्या में दोषी ठहराए गए



अपराधी, सिविक वालंटियर संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। संजय रॉय पर आरोप था कि उसने अगस्त नौ, 2024 को आरजी कर अस्पताल में कार्यरत 31 वर्षीय डॉक्टर के साथ बलात्कार किया और फिर उसकी हत्या कर दी थी। सियालदह दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनुरागन दास ने महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस के संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। उन्होंने सवाल किया, मुझे पूरा यकीन है कि यह वास्तव में 'दुर्लभ से दुर्लभतम मामला है, जिसके लिए फांसी की सजा दी जानी चाहिए थी। अदालत ने कैसे यह निष्कर्ष निकाला कि यह 'दुर्लभ से दुर्लभतम मामला नहीं था? मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, हम इस सबसे जघन्य और संवेदनशील मामले में फांसी की सजा चाहते हैं और इस पर जोर देते हैं।

हाल ही में, पिछले तीन-चार महीनों में, हम इस तरह के अपराधों में दोषियों के लिए फांसी या अधिकतम सजा सुनिश्चित करने में सक्षम रहे हैं तो फिर, इस मामले में फांसी की सजा क्यों नहीं दी गई?

### दो फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जायेगा अमृत उद्यान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से 30 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि आम लोग सप्ताह में छह दिन मंगलवार से रविवार तक सुबह 10 बजे से शाम छह बजे के बीच उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहेगा। अमृत उद्यान 5 फरवरी (दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के कारण), 20 और 21 फरवरी (राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों के सम्मेलन के कारण) और 14 मार्च को भी बंद रहेगा। सभी आगंतुकों का प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। यह गेट नॉर्थ एवेन्यू और राष्ट्रपति भवन के बीच है। आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 6 बजे के बीच हर 30 मिनट में उपलब्ध होगी। सचिवालय ने बताया कि अमृत उद्यान कुछ दिन विशेष श्रेणियों के लिए लोगों के लिए खुला रहेगा।



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ, सारनाथ, वाराणसी (उ.प्र.) 221007